संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 301 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अयोध्या को योगी बाबा की सौगात

= तीर्थ विकास परिषद का गठन, मंदिर म्यूजियम और अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान को मिली मंजूरी

**ऐतिहासिक पल**

**8 पहली बार अयोध्या में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक, स्वयं सीएम योगी ने पारित हुए प्रस्तावों की दी जानकारी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**दीपोत्सव** से पहले भगवान राम की नगरी अयोध्या गुरुवार को एक और ऐतिहासिक पल की गवाह बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार अयोध्या में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सबसे खास बात ये रही कि स्वयं सीएम योगी ने कैबिनेट से पास प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट में पास प्रस्तावों के केंद्र में अयोध्या ही रही, जहां अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन के साथ ही यहां 25 एकड़ भूमि में मंदिर म्यूजियम बनाने, अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा देने के साथ ही विभिन्न मेलों को राजकीय मेलों का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र और राज्य के सहयोग से 178 परियोजनाएं चल रही हैं, जिसके अंतर्गत 30 हजार 500 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। अयोध्या एक नए युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज अयोध्या की तरफ आकर्षित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

**एक्सपोर्ट का हब बनेगा उत्तर प्रदेश:** श्रीराम संग्रहालय में

## अयोध्या, देवीपाटन और शुक्रतीर्थ विकास परिषद के गठन को भी मंजूरी

**सीएम** ने योगी ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद श्रद्धालु और भक्तों की जो बड़ी संख्या यहां आने वाली है उसको ध्यान में रखते हुए यहां पर श्री अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। यहां के पर्व, यहां के त्योहार और यहां की व्यवस्थाओं को अच्छे ढंग से पूर्ण करने के लिए स्थानीय स्तर पर, राज्य स्तर पर और केंद्र सरकार के सहयोग से और अन्य धर्मार्थ संस्थाओं के साथ मिलकर इनको आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही मां पाटेश्वरी धाम देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन की प्रक्रिया के प्रस्ताव को भी यहां पास किया है। यह एक महत्वपूर्ण तीर्थ है, जहां नेपाल से जुड़े हुए श्रद्धालु नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में यहां विशेष रूप से आते हैं। इसके अलावा शुक्रतीर्थ विकास परिषद के प्रस्ताव को भी पारित किया गया है। हम सब जानते हैं कि मुजफ्फरनगर जनपद में स्थित इस तीर्थ में राजा परीक्षित ने सबसे पहले श्रीमदभागवत महापुराण की कथा सुनी थी, जिसके कारण उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ था। हमारी सरकार ने वहां पर गंगा की धारा को लाने में सफलता प्राप्त की है और अब हम इसे तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

सीएम योगी ने बताया कि अयोध्या के माझा जमथरा में 25 एकड़ भूमि को मंदिर म्यूजियम के लिए देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।



## कैबिनेट ने ड्रोन पॉलिसी को भी दी मंजूरी

**कैबिनेट** ने ड्रोन पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा कि ड्रोन आज बहुत उपयोगी हो चुका है। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के साथ-साथ एग्रीकल्चर और सिक्योरिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग हो रहा है। इसके दुरुपयोग की भी आशंका है, इसलिए राज्य सरकार ने भारत सरकार के सिविल एविएशन एक्ट के अंतर्गत इस पॉलिसी के लिए राज्य स्तर पर एक नियमावली लागू कर रहे हैं। नियमावली के तहत ड्रोन की गतिविधियों को थाना स्तर से भी निगरानी की जा सकेगी कि वहां कितने ड्रोन मौजूद हैं, किस तरह के उपयोग के लिए हैं। राज्य के अंदर भी भी रेड, ग्रीन और येलो जोन निर्धारित करने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी।

## दीपोत्सव और देव दीपावली को राजकीय मेले का दर्जा

**सीएम** योगी ने बताया कि कैबिनेट ने प्रदेश में होने वाले विभिन्न मेलों के प्रांतीयकरण के प्रस्ताव को भी पारित किया है। हाथरस में दाउजी महाराज की स्मृति में होने वाले ब्रज की द्वार देहरी लक्खी मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अयोध्या में जितने भी मेले लगेंगे चाहे वो कार्तिक पूर्णिमा का मेला हो, रामनवमी, दीपोत्सव या मकर संक्रांति और वसंत पंचमी का मेला हो, इन सभी को राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है, ताकि आने वाले समय में इनके आयोजन में धन की कमी न होने पाए। इसके अलावा बुलंदशहर के अनूपशहर में होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले, काशी में देव दीपावली के कार्यक्रम को भी राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है।

महराजगंज जिला स्थित सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग में ईको टूरिज्म को बढ़ाने के लिए पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं देने का निर्णय लिया गया है।

कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद सीएम योगी ने पास हुए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में पहली बार अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन का था, जिसे मंजूरी दी गई है।

उत्तर प्रदेश के बारे में ये कहा जाता था कि यह एक लैंड लॉक प्रदेश है। दुनिया के उन देशों ने प्रगति की जिनके पास जलमार्ग है। देश के अंदर भी वो राज्य आगे बढ़ रहे थे जिनके पास जलमार्ग था जो एक्सपोर्ट की सुविधा प्रदान करते थे। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के जिन्होंने देश का पहला इनलैंड वाटरवे वाराणसी से हल्दिया के बीच शुरू किया। इनलैंड वाटरवे अथॉरिटी उत्तर प्रदेश में जल यातायात को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

**फास्ट न्यूज**

## आचार समिति ने महुआ के खिलाफ रिपोर्ट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली:** लोकसभा की अचार समिति ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। यह रिपोर्ट शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के समर्थन में 6 और विरोध में 4 वोट पड़े। रिपोर्ट का समर्थन करने वाले सदस्यों में अपराजिता सारंगी, राजदीप रॉय, सुमेधानंद सरस्वती, परनीत कौर, विनोद सोनकर, हेमंत गोडसे शामिल हैं। वहीं रिपोर्ट का विरोध करने वालों में दानिश अली, वी वैथिलिंगम, पीआर नटराजन और गिरिधारी यादव हैं। इस मुद्दे पर हुई बैठक के बाद लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष व लोकसभा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि ह्यएथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की थी।

## 4 दिसंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र

**नई दिल्ली:** संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से लेकर 22 दिसंबर तक चलेगा। बकौल प्रह्लाद जोशी 19 दिनों तक चलने वाले शीतकालीन सत्र में 15 बैठकें होंगी।

# 'कांग्रेस ने हमेशा बांटो और राज करो की नीति अपनाई'

**निशाने पर कांग्रेस**

**8 कांग्रेस देश की इस धरती को धोखा दे रही है। सत्ता के लालच में कांग्रेस ने हमेशा समाज को बांटा है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार** को मध्य प्रदेश के नीमच में चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस के पास विजन के नाम पर विरोध और विभाजन है, जबकि भाजपा राज्य के विकास से देश के विकास पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस ने हमेशा बांटो और राज करो की नीति अपनाई है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और गरीबी को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने कांग्रेस को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस देश की इस धरती को धोखा दे रही है। सत्ता के लालच में कांग्रेस ने हमेशा समाज को बांटा है। वह फूट डालो और राज करो की नीति पर चली है। कांग्रेस की कुनीति से देश में आतंक और अराजकता को बढ़ावा मिला है। आजादी के समय राष्ट्र निर्माण का जो जज्बा था, वो कांग्रेस ने एक परिवार की भक्ति में कुचल कर रख दिया। मोदी ने कहा, "आपने देशहित में कड़े और बड़े फैसले लेने वाली मजबूत भाजपा सरकार चुनी।"

# दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक स्तर पर प्रदूषण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली,** दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में गुरुवार को भी प्रदूषण स्तर ह्यगंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से देश की राजधानी प्रदूषण के गंभीर खतरे से जूझ रही है। पराली और वाहनों के धुएं के कारण लोगों का सांस लेना भी दूभर होता जा रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली में सुबह के वक्त औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 426 के आसपास दर्ज किया गया। जबकि बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 426 दर्ज किया था और मंगलवार को 395 दर्ज किया गया था। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 432, आर के पुरम में 453, पंजाबी बाग में 444, आईटीओ 441, एएसआईटी द्वारका में 425, द्वारका सेक्टर आठ में 462, नजफगढ़ में 451, आईजीआई एयरपोर्ट में 445, मुंडका में 427, पूसा में 428 दर्ज किया गया है। लोधी रोड में एक्यूआई 387 किया गया दर्ज।



# घुटता है दम: दिवाली तक प्रदूषण से राहत नहीं...

## दिल्ली में 'जहर' कब होगा कम, दिवाली तक प्रदूषण से राहत नहीं, बारिश के भी संकेत, ग्रेटर नोएडा एनसीआर में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा, यहां एक्यूआई 478 रहा

**सूचकांक**

**8 मौसम के बदलाव और हवा की गति कम होने से एक बार फिर हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है, सावधानी बरतें**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी** में मौसम के बदलाव और हवा की गति कम होने से एक बार फिर हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 426 दर्ज किया गया। यह 31 अंक ज्यादा है।

**एनसीआर में एक्यूआई:** वहीं, ग्रेटर नोएडा एनसीआर में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। यहां एक्यूआई 478 रहा। फरीदाबाद में 425, गाजियाबाद में 384, नोएडा में 405 व गुरुग्राम में 385 एक्यूआई दर्ज किया गया। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से 8 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली।

**दिल्ली में और बढ़ेगा प्रदूषण:** हालांकि, दोपहर और शाम के समय हवा की दिशा बदलने और गति कम होने से प्रदूषण बढ़ गया। हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 4 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेगी। ऐसे में हवा बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। सुबह के समय धुंध के साथ कोहरा छाने की आशंका है।

**दिल्ली में हो सकती है बारिश:** वहीं, शनिवार को हवा उत्तर से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चलेंगी। साथ ही, कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। सफर इंडिया के मुताबिक दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 247 दर्ज की गई, जो खराब श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 426 दर्ज की गई, जो गंभीर स्तर है।





## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों में बेरियम के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**सुप्रीम** कोर्ट ने 7 नवम्बर को एक बार फिर से कहा था कि ऐसे पटाखे जिनमें बेरियम कैमिकल का इस्तेमाल किया गया है इनकी बिक्री पूरे देश में प्रतिबंधित की जाए। आतिशबाजी में हरा रंग पैदा करने के लिए बेरियम का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं यह पटाखों को लंबी शेल्फ-लाइफ देने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। पटाखों में सीसा, सल्फर,आर्सेनिक और क्लोरीन की अलग-अलग मात्रा इस्तेमाल की जाती है। केंद्र सरकार ने खतरनाक रासायनिक नियम (2000) के तहत इन्हें भी प्रतिबंधित कर रखा है। बेरियम के संपर्क में आने से गंभीर गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल संकट पैदा हो सकता है।



इसका इस्तेमाल ज्यादातर आतिशबाजी एवं अनार में किया जाता है।

**बम और अनार पहुंचाते हैं सबसे ज्यादा नुकसान:** एम्स के नेत्र विज्ञान विभाग की ओर से दिल्ली और एनसीआर में 2014 से 2019 के बीच ऐसे मरीजों पर अध्ययन किया जिनकी आंखों को दिवाली पर पटाखे जलाते समय नुकसान पहुंचा था। डॉक्टर्स ने लगभग 646 मरीजों पर किए अपने अध्ययन में पाया कि 14 साल से कम आयु के बच्चों की आंखों को पटाखों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा था। लगभग 65 फीसदी मामलों में पाया गया कि पटाखा जलाते समय सावधानी न बरतने से हादसे हुए। 94.5 फीसदी मामलों में पटाखे जलाते समय बच्चों के अभिभावक उनके साथ नहीं थे। वहीं बच्चों ने पटाखे जलाते समय आंखों पर किसी तरह का प्रोटेक्शन नहीं पहना था। 64 फीसदी बच्चों को बम जलाते समय आंखों को नुकसान पहुंचा। वहीं 23 फीसदी बच्चों की आंखें अनार जलाते समय हादसे का शिकार हुईं। 7 फीसदी बच्चों की आंखें रॉकट जलाते समय तो 6 फीसदी बच्चों की आंखों को फुलजड़ी जलाते समय नुकसान पहुंचा।

### अब सड़कों पर उतरेंगे केजरीवाल के मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अब दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने जिम्मेदारी संभाल ली है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अब दिल्ली के मंत्री सड़कों पर उतरकर प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे। उन्होंने इसके लिए सभी मंत्रियों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोपाल राय को नॉर्थ और नॉर्थ ईस्ट जिले, कैलाश गहलोत को वेस्ट और साउथ वेस्ट जिले, आतिशी को ईस्ट और साउथ ईस्ट जिले, सौरभ भारद्वाज को नई दिल्ली जिले और इमरान हुसैन को सेंट्रल और शाहदरा जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोपाल राय ने कहा कि ग्रेप के प्रतिबंधों के क्रियान्वयन पर प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है, इसलिए सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर अब मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी प्रदूषण रोकने के लिए ईमानदारी से काम कर रहे हैं, उनके साथ मंत्री भी मिलकर काम करेंगे। ये अपने-अपने जिलों में जमीनी स्तर पर मुआयना करेंगे। जरूरत पड़ने पर सख्ती बरती जाएगी।

## अनार और फुलझड़ी जैसे पटाखों का धुआं भी बढ़ाता हैं सांसों पर बोझ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिवाली** के पहले ही दिल्ली की हवा दमघोंटू हो चुकी है। प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने भी बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंता जता चुका है। वहीं दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार भी प्रदूषण को लेकर तमाम कवायद कर रही है। प्रदूषण वाली आबोहवा में पटाखों के प्रदूषक और शोर भी हवा को और दूषित कर रहे हैं।

पराली का जलना, वाहनों का प्रदूषण, मौसमी प्रभाव, भौगोलिक स्थिति और पटाखों के कॉकटेल ने हवा को अधिक प्रदूषित कर दिया है। पराली, वाहनों के प्रदूषण को लेकर तो लगातार बात होती रहती है लेकिन पटाखों का प्रदूषण भी दिवाली के पहले और उसके बाद हवा को कई दिन तक विषाक्त और अस्वच्छ कर देता है। कई बार लोगों के मन में इस बात को प्रश्न उठता है कि पटाखों से कितना प्रदूषण होता है। चेस्ट रिसर्च फाउंडेशन, पुणे और पुणे विश्वविद्यालय की ओर से किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट की मानें तो छोटे मोटे पटाखे भी हवा में बड़ी मात्रा में प्रदूषण घोलते हैं। इस अध्ययन के तहत विशेषज्ञों ने कई तरह के पटाखों से होने वाले प्रदूषण का आंकलन किया। इस रिसर्च में मिले परिणामों के मुताबिक 1000 मिर्ची बम की चटाई जलाने पर पीएम 2.5 का स्तर 47789 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच जाता है। इसी तरह एक महताब जलाने से हवा में पीएम 2.5 का स्तर 34068 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच जाता है। बच्चों को सांप जलाने में बहुत मजा आता है। लेकिन सांप बनाने वाली एक टिकिया जलाने से हवा में पीएम 2.5 का स्तर 64849 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच जाता है। एक फुलझड़ी जलाने पर हवा में 10898 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पीएम 2.5 का स्तर पहुंच जाता है। वहीं एक अनार जलाने पर हवा में पीएम 2.5 का स्तर 5640 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच जाता है।

# एलजी ने डीसीपीसीआर के कामकाज की विशेष ऑडिट कराने के दिए आदेश

**जांच**

**8 जांच और विशेष ऑडिट पूरा होने तक धन के आवंटन के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के कामकाज में सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों पर विशेष ऑडिट का आदेश दिया है। इसके लिए डब्ल्यूसीडी विभाग ने प्रस्ताव भेजा था, जिसे एलजी ने गुरुवार को मंजूर कर लिया। एलजी ने कहा कि जांच और विशेष ऑडिट पूरा होने तक धन के आवंटन के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। डब्ल्यूसीडी विभाग ने प्रस्ताव में उल्लेख किया कि डीसीपीसीआर डीडब्ल्यूसीडी की मंजूरी के बिना कर्मचारियों की भर्ती कर रहा था और विशेष रूप से सरकार में अपने अधिकार क्षेत्र और कार्य के दायरे से परे गतिविधियों में संलग्न होकर खर्च कर रहा था। डीसीपीसीआर नियम 2008 के अनुसार डीसीपीसीआर प्रशासनिक विभाग को उपयोगिता विवरण प्रस्तुत नहीं कर रहा था और ऑडिट पैरा और टेस्ट ऑडिट नोट्स का ठीक से जवाब नहीं दे रहा था।

**नियुक्तियों पर एलजी की मंजूरी नहीं मांगी गई:** प्रस्ताव में कहा गया था कि डीसीपीसीआर द्वारा फेलो/एसोसिएट फेलो/सलाहकार/उप सलाहकार विशेषज्ञ/वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/परामर्शदाता के रूप में कर्मचारियों की नियुक्ति पर एलजी की मंजूरी नहीं मांगी गई थी। इसमें कहा गया था कि डीसीपीसीआर के लिए 2017-18 में बजट का आवंटन 2 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 15.20 करोड़ रुपये हो गया।

# जेपी नड्डा ने वोकल फॉर लोकल पर दिया जोर

**आह्वान**

**8 जेपी नड्डा ने वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हुए देश के लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हुए देश के लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किया। गुरुवार को जे पी नड्डा ने 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने के लिए स्वयं स्थानीय उत्पाद खरीदे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसके लिए ही उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' का ऐलान किया।

नड्डा ने कहा कि समाज में स्थानीय उत्पादों की खरीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली और छठ के लिए स्थानीय उत्पाद खरीदने का भी अनुरोध किया। बिलासपुर स्थित बेकार लकड़ी से उत्पाद तैयार करने वाले रवि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर बेहद उपयोगी और टिकाऊ उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता दिल्ली के उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# चार दोस्तों ने तीन भाइयों को चापड़ और छुरी से काटा, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की राजधानी** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में रविदास मार्ग पर बुधवार रात को खूनी खेल खेला गया। चार हमलावर चापड़ और छुरी से तीन भाइयों पर ताबड़तोड़ हमला करते रहे। घायल होने के बावजूद तीनों भाइयों ने घटनास्थल से करीब 300 मीटर दौड़कर जान बचाने की कोशिश की। एक भाई आजाद भागते हुए गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। शादाब व एक अन्य भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि दक्षिण पूर्व जिला पुलिस ने चारों आरोपियों को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। दक्षिण पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रात करीब 11:40 पर रविदास मार्ग पर हुई। यहां पर झुग्गी बस्ती में रहने वाले आजाद का शिवम नाम के आरोपी से मछली मार्केट के पास झगड़ा हो गया था।

शिवम मछली मार्किट के पास से कुछ सामान खरीद रहा था। इस पर आजाद और उसके भाई शादाब और एक अन्य ने शिवम पर हमला कर दिया और उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। शिवम के साथी सौरभ, जुनैद और सनी आसपास ही मौजूद थे।

# ऑपरेशन 'क्लीनस्वीप': चांदनी चौक और गाजियाबाद में छापा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित नशा मुक्ति केंद्र का प्रभारी प्रदीप ही नशे की तस्करी करने में लगा हुआ था। वह इलाज के लिए आए लोगों के आधार कार्ड से नशीले पदार्थ खरीदता था। उपराज्यपाल के आदेश पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने यमुना बाढ़ क्षेत्र में जब ऑपरेशन क्लीनस्वीप चलाया तो नशे की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। शाखा ने प्रदीप समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार लोगों को पाबंद किया गया है। साथ ही, गाजियाबाद में एक मेडिकल स्टोर को सील किया गया है। इस गिरोह के सदस्य यमुना बाढ़ क्षेत्र में रहने वाले व फुटपाथ पर गुजारा करने वाले लोगों को नशे की सप्लाई देते थे।




अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कई बार यमुना बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां पर नशा करते हुए फुटपाथ व अन्य जगहों पर रहने वाले लोगों को देखा। उन्होंने नशे के कारोबार का पदार्फाश करने के लिए पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को आदेश दिए। अपराध शाखा और उत्तरी जिला पुलिस के एंटी-नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक संयुक्त अभियान ऑपरेशन क्लीनस्वीप चलया। इसमें दिल्ली और यूपी के ड्रग विभागों की सहायता ली गई। जांच में यमुना बाढ़ क्षेत्र से ब्यूप्रेनोर्फिन की दो मिलीग्राम की 22 स्ट्रिप्स, 28 सिरिंज व 74 सुइयां, एविल की 10 एमएल के 850 इंजेक्शन/शीशियां, सात बैग व अन्य दवाओं के 2800 इंजेक्शन बरामद किए गए। इसके बाद इंस्पेक्टर अनिल शर्मा की टीम ने जहांगीरपुरी इलाके में एलिगेंट क्लिनिक नशा मुक्ति केंद्र के परिसर पर छापा मारा और प्रभारी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। केंद्र के रजिस्टर और दवाओं के स्टॉक की जांच से पता चला कि प्रदीप केंद्र में इलाज करा रहे नशे के पीड़ितों के आधार कार्ड से नशे की दवाएं खरीदता था। इसके बाद वह तस्करों को बेच रहा था। इसके अलावा आरोपी नशे की वस्तुओं को हनुमान मंदिर, छत्ता रेल, आईएसबीटी, यमुना बाजार, निगम बोध घाट आदि क्षेत्रों में यमुना के बाढ़ क्षेत्रों नशा करने वालों और आवारा लोगों को बेच देता था।

**ऐसे हुई गिरफ्तारी:** इंस्पेक्टर अनिल शर्मा की टीम ने जांच के बाद मादक पदार्थ तस्कर अंसार विहार, लोनी गांव, गाजियाबाद निवासी खेरुनिशा उर्फ मीना पत्नी जहीर (26) व ख्वाजा पार्क, फेज-2, इलाइचीपुर, गाजियाबाद निवासी राशिद (26) को गिरफ्तार कर लिया।

### नशे के लिए इस्तेमाल सामान बरामद हुआ

नशे के लिए इस्तेमाल सामान बरामद हुआ। दोनों ने खुलासा किया है कि वे सोनिया विहार निवासी आशिफ उर्फ सोनू और आमिर के लिए काम करते हैं। दोनों ही आवारा लोगों के लिए नशे की दवा व इंजेक्शन की आपूर्ति करते थे। वे इंजेक्शनों और गोलियों को बेचकर प्रति दिन 1000-1500 रुपये कमाते थे। इसके बाद आसिफ उर्फ सोनू (33) और आमिर (30) वर्ष को नशे के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जहांगीरपुरी इलाके में एलिगेंट क्लिनिक नशा मुक्ति केंद्र के परिसर पर छापा मारा और प्रभारी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। केंद्र के रजिस्टर और दवाओं के स्टॉक की जांच से पता चला कि प्रदीप केंद्र में इलाज करा रहे नशे के पीड़ितों के आधार कार्ड से नशे की दवाएं खरीदता था। इसके बाद वह तस्करों को बेच रहा था। आरोपी नशे की वस्तुओं को हनुमान मंदिर, छत्ता रेल, आईएसबीटी, यमुना बाजार, निगम बोध घाट आदि क्षेत्रों में यमुना के बाढ़ क्षेत्रों नशा करने वालों और आवारा लोगों को बेच देता था।

**धनवर्षा**

### यह कोरोना के बाद सर्वाधिक अनुमान है, जो बुकिंग और पूछताछ के आधार पर है

# दीपावली-धनतेरस पर ज्वेलरी बाजार में होगी पैसों की बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रकाश** के पर्व दीपावली व धनतेरस पर दिल्ली के ज्वेलरी बाजारों में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के धनवर्षा की उम्मीद लगाई जा रही है। यह कोरोना के बाद सर्वाधिक अनुमान है, जो बुकिंग और पूछताछ के आधार पर है। बाजार के जानकारों के अनुसार सोने की दर में तेजी न होती तो यह मांग 20 हजार करोड़ रुपये तक होने की उम्मीद होती। वैसे, अच्छी बिक्री को लेकर पुरानी दिल्ली के थोक ज्वेलरी बाजार कूचा महाजनी और दरीबा कलां के साथ ही नई दिल्ली के करोलबाग के ज्वेलर्स उत्साहित है। विशेष बात कि धनतेरस और दीपावली पर बुलियन के साथ सिक्कों और मूर्तियों की मांग है। इसी तरह कुछ दिन बाद शादियों का मौसम भी आ जाएगा। इसलिए लोग ज्वेलरी भी खूब पसंद कर रहे हैं।



**दो दिन मनाया जा रहा धनतेरस:** दीपावली पर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। सर्राफा से लेकर, बर्तन व वाहनों के शो रूम तक गुलजार है। इसके साथ पूजा के सामानों से लेकर दीये, गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ गिफ्ट आइटमों व मिठाईयों की मांग बनी रही। कपड़े, जूते व किराना के सामानों की भी खूब बिक्री हो रही है। जिसे दीपावली की शाम होने की उम्मीद है। इस बार धनतेरस दो दिन मनाया जा रहा है। ऐसे में रविवार को भी सभी बाजार खुले रहेंगे। दिल्ली के ज्वेलरी बाजार को इस धनतेरस-दीपावली तकरीबन एक हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। शनिवार को पुरानी दिल्ली के ज्वेलरी बाजार कूचा महाजनी व दरीबा कलां के साथ ही करोलबाग खरीदारों से गुलजार रहे। यह चमक आज भी बरकरार रहेगी।

**बाजार की चांदी**

**8 सोने की दर में तेजी न होती तो यह मांग 20 हजार करोड़ रुपये तक होने की उम्मीद होती**

**इस बार सोने-चांदी के सिक्के की है मांग:** द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, कूचा महाजनी के चेयरमैन योगेश सिंघल ने बताया कि कुछ आज तो कुछ कल बिक्री होगी। इस बार सोने-चांदी के सिक्के, मूर्तियों व बर्तनों के साथ ज्वेलरी की मांग है। इसी तरह पूजा की थाली भी लोग खरीद रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि इस धनतेरस से लेकर दीपावली पर्व तक दिल्ली भर में एक हजार करोड़ रुपये का सराफा कारोबार हो जाएगा।

# दो गिरफ्तारी से 10 मामले सुलझे

**खुलासा**

**8 पकड़े गए आरोपियों की पहचान फहीम (24) और खालिद उर्फ इजहार (30) के रूप में हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** में हथियारों के बल पर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को शाहदरा जिला पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद फहीम (24) और खालिद उर्फ इजहार (30) के रूप में हुई है। आरोपी ताबड़तोड़ वारदातों में अंजाम दे रहे थे। इन लोगों ने विजय विहार में 40 लाख का सोना लूटने के अलावा करावल नगर और एमएस पार्क में भी लूट की। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी से फिलहाल दिल्लीएनसीआर में लूट की 10 गुत्थी सुलझाने का दावा किया है।

**दिल्ली में पिस्टल दिखाकर लूटपाट:** फहीम और खालिद पहले से 54 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, सात कारतूस, अतिरिक्त मैगजीन, दो बाइक व वारदात के समय पहने हुए कपड़े भी बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि 15 अक्तूबर को बाइक सवार बदमाशों ने मानसरोवर पार्क इलाके में पिस्टल दिखाकर लूटपाट की थी। इन लोगों ने 20 महंगे मोबाइल और कैश लूट लिया था।

**सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंची दिल्ली पुलिस:** बाद में आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी की पड़ताल की गई।

पुलिस ने दोनों बदमाशों की पहचान कर ली। वारदात में इस्तेमाल बाइक की पड़ताल की गई तो पता चला कि उसे चंद ही दिनों पूर्व दक्षिण दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके से लूटा गया था।

# राजीव जैन ने कालूपुर गांव में शिव परिवार की करवाई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

## श्रद्धालुओं को शिवालय के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए ईश्वर से सबके कल्याण व शुभ की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कालूपुर गांव में शिव परिवार की करवाई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा। सोनीपत, 9 नवंबर । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में गावं कालूपुर में शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा करवाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को शिवालय के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए ईश्वर से सबके कल्याण व शुभ की कामना की।गणेश पूजन के साथ शुभारंभ करते हुए पूर्ण विधि-विधान के साथ समारोह का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ में आहुति डालते हुए राजीव जैन ने कहा कि यह शुभ अवसर है, जिसमें शामिल होना सौभाग्य की बात है। लोगों को बढ़-चढकर इस प्रकार के आयोजनों में हिस्सा लेना चाहिए। विशेष रूप से बच्चों को इनमें शामिल करना चाहिए, ताकि उनमें संस्कारों का निवेश हो और वे अपनी संस्कृति से परिचित हों। राजीव जैन ने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कृति से रू-ब-रू करवाते हुए उनमें संस्कारों का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। धार्मिक आयोजन इसके लिए बेहतरीन अवसर होते हैं। इससे धर्म लाभ भी मिलता है और संस्कृति का प्रचार-प्रसार भी होता है। साथ ही हमें अपने देवी-देवताओं के विषय में जानने का सुअवसर मिलता है और परंपराओं की जानकारी भी मिलती है। इस प्रकार परंपराओं का आदान-प्रदान होता है, जिससे परंपराएं सदैव जीवित रह सकती हैं। इस दौरान राजीव जैन ने पूर्ण श्रद्धा व विश्वास के साथ पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि वे अपनी कृपादृष्टिद्द अपने भक्तजनों पर हमेशा बनाये रखें। भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कभी खाली हाथ नहीं जाना पड़ता। पूर्ण विश्वास और श्रद्धा के साथ मांगी गई हर कामना भगवान अवश्य पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवालय के जीर्णोद्धार व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठद्दा से श्रद्धालुओं में नये उत्साह का संचार हुआ है। इसे कायम रखें।





# भगवान परशुराम कॉलेज में हुआ इंटर जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**चयनित**

8 क्वालीफाई राउंड के लिए 8 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें से चार टीम लीग मैच के लिए चयनित हुई



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**भगवान** परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा इंटर जोनल वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्वालीफाई राउंड के लिए 8 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें से चार टीम लीग मैच के लिए चयनित हुई। इस इंटर जोनल प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ संजीव शर्मा रजिस्टार, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने किया। उन्होंने कहा कि खेल खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा निखार लाता है जो उसके व्यक्तित्व को सारी दुनिया में चमकने में मददगार साबित होता है। खिलाड़ियों के खेल भावना के साथ खेलने से खेल उन्नति करता है। उन्होंने उपस्थित टीमों के खिलाड़ियों का परिचय लेत हुए अपनी शुभकामनाएं दी। कॉलेज प्राचार्य प्रो शीश पाल शर्मा ने कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया और खेल के क्षेत्र में कॉलेज की विभिन्न उपलब्धियों की संक्षेप में जानकारी दी। आज के इस टूनार्मेंट में गवर्नमेंट कॉलेज कालका, एस ए जैन कॉलेज अंबाला सिटी, बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल, डी ए वी कॉलेज करनाल, गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर, आर्य कॉलेज पानीपत की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में सभी टीमों ने नॉकआउट मैच खेले जिसमें से चार टीमों ने आगे लीग मैचों के लिए चयनित हुई। लीग मैच के लिए डी ए वी कॉलेज करनाल, भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र, एस ए जैन कॉलेज अंबाला एवं आर्य कॉलेज पानीपत ने क्वालीफाई किया।

# '37वें राष्ट्रीय योगासन खेलों में हरियाणा का दबदबा'



**रोशन किया**

8 हरियाणा के कुल 14 खिलाड़ियों ने भागीदारी कर मैडल जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** जीएमसी एथेलिक स्टेडियम, बम्बोलिम गोवा में 5 नवम्बर से चल रहे 37 वें राष्ट्रीय खेलों में योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ। देश भर से प्रतिस्पर्धा में हिस्सा ले गांव रहे खिलाड़ियों में हरियाणा के कुल 14 खिलाड़ियों ने भागीदारी कर मैडल जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया। अधिकृत प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने कुरुक्षेत्र में बताया कि मैडलों की श्रृंखला में हरियाणा के योगासन खिलाड़ियों ने कुल 7 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य पदक अपने नाम किये । अभिषेक ने ट्रेडिशनल इवेंट में रजत व आर्टिस्टिक सिंगल में कांस्य पदक, आर्टिस्टिक पेअर में कोमल एवं भतेरी ने रजत, रिदमिक पेअर में देवी एवं भतेरी ने स्वर्ण, रिदमिक पेअर में राहुल एवं ऋषभ ने कांस्य, आर्टिस्टिक ग्रुप में रोहित, राहुल, ऋषभ, अर्जुन एवं अमित ने स्वर्ण पदक जीतकर योगासन खेल में हरियाणा का दबदबा मनवाया और पूरे हरियाणा को गौरवान्वित किया ।
उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में गुजरात में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलों में योगासन खेल को प्रथम बार सम्मिलित किया गया था और इस वर्ष योगासन को राष्ट्रीय खेलों में शामिल हुए मात्र 2 वर्ष हुए हैं और योगासन की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।
योगासन भारत को केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है, जिसके निरंतर प्रयासों से योगासन को ओलिंपिक तक लेकर जाने का सपना अब साकार होता दिखाई दे रहा है।

# 9 दिसंबर को होगा चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत : मुख्य** न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण( डीएलएसए) के सचिव अशोक मान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 09 दिसंबर को वर्ष 2023 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस ( धारा 138 एक्ट के मामले), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा।

# हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम: रोहताश

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी ने एक और कीर्तिमान अपने नाम किया जब ग्रामीण आँचल में बसे इस विद्यालय ने प्रधानाचार्यदया सिंह स्वामी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव 2023 का सफल आयोजन किया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य (सामूहिक),रागनी ,लोक नृत्य(एकल) ,लघु नाटक (स्किट) में कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न खंडों से पहुंचे विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शरुआत बीजेपी के पूर्व विधायक तथा महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके की गयी। कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा,लाडवा की खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर,बी. आर .सी . निशा गुप्ता ,जिले के विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्य रमेश बोध ,नरेश गर्ग,रामपाल,रमेश सांगवान ने उपस्तिथ होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। पवन सैणी ने अपने संबोधन में कहा इस तरह के कार्यक्रम हमारी संस्कृति के परिचायक होते हैं उन्होनें प्रधानाचार्य दया सिहं स्वामी को इसके सफल आयोजन की बधाई दी। मंच राकेश कुमार,श्री सतीश कुमार तथा अवशीष कुमार ने अपना योगदान दिया।लोक नृत्य (सामूहिक)में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन ,लोक नृत्य (एकल) में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन ,रागनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भतेरी तथा स्किट में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इन्ही विधाओं में क्रमशः बरौंदा, कुरुक्षेत्र तथा देवीदासपुरा के राजकीय विद्यालय दूसरे स्थान पर रहे।तीसरा स्थान क्रमशः कुरुक्षेत्र ,इस्माइलाबाद ,अमीन तथा ज्योतिसर के राजकीय विद्यालयों ने प्राप्त किया।अपने संबोधन में स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक महोत्सव हमारे राज्य की संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने का एक अभूतपूर्व माध्यम है। उन्होंने राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरी को इस सांस्कृतिक महोत्सव के कार्यक्रम स्थल के रूप में अवसर देने पर जिला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।



**जिला स्तरीय**

8 प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव 2023 का सफल आयोजन किया

# स्किट : बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर कुरुक्षेत्र में एक सम्मान समारोह प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें कल्चरल फेस्ट 2023 व ब्लॉक स्तरीय संविधान दिवस के उपलक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं हमेशा ही हर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहते हैं जिसके तहत इस बार भी ब्लॉक स्तरीय संविधान प्रतियोगिताओं में मनप्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कल्चरल फेस्ट 2023 में ब्लॉक स्तर पर स्किट प्रतियोगिता में 6 से 8 कक्षा की टीम ने प्रथम स्थान और जिला स्तर पर स्किट प्रतियोगिता में 9 से 12 कक्षा की छात्राओं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य व अध्यापकों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे हमेशा ही अध्यापक गणों के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं जिसके लिए उन्होंने अध्यापकों व छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की।



**सम्मान**

8 विद्यालय के छात्र-छात्राएं हमेशा ही हर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहते हैं : प्रिंसिपल

# उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन ने किया ऑफ साइट मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**उत्तरी** क्षेत्रीय पाइपलाइन द्वारा अपने अधिकारियों, कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए और आकस्मिक आपदा से निपटने के लिए एक ऑफ साइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का परिदृश्य पानीपत जालंधर एल.पी.जी. पाइपलाइन में पानीपत कोहंड क्षेत्र के सी.एच. 3.6 किलोमीटर के समीप बेगमपुर गांव के पास पाइपलाइन में रिसाव होना तथा आग लगना दर्शाया गया। पानीपत जालंधर मेंने लाइन पर पेट्रोलिंग करने वाले सुरक्षा कर्मी ने रिसाव की जानकारी सुपरवाइजर को तथा सुपरवाइजर ने ये जानकारी नियंत्रण कक्ष , मेंन लाइन प्रभारी और महाप्रबंधक आलोक कुमार राय को दी। नियंत्रण कक्ष ने यह सूचना जिला प्रशासन तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी गई। सूचना मिलते ही इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के अधिकारी , अनुरक्षण दल अपनी क्यू.आर.टी. टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा गैस रिसाव को रोकने और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। करनाल से आई दमकल विभाग की टीम ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुए व्यक्तियों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। गैस रिसाव और आग पर काबू पाने के बाद उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन अधिकारियों , जिला प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।
महाप्रबंधक आलोक कुमार राय ने आसपास के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया।

**जायजा लिया**

8 सी.एच. 3.6 किमी के समीप बेगमपुर गांव के पास पाइपलाइन में रिसाव होना तथा आग लगना दर्शाया गया

# कब बुलबुल कार्यक्रम छात्रों को स्वयं करके सीखने की देता है प्रेरणा: कौशिक

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कब- बुलबुल के तृतीय सोपान के चौथे व अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक भी अपने आप को बच्चों के साथ बच्चा बनने से नहीं रूके। कार्यक्रम में जब उन्होंने कब और बुलबुल की गतिविधियों को देखा तो उन्होंने स्वंय भी परी के गेट अप में बच्चों के साथ खेल की गतिविधियों में भाग लिया और गतिविधियां की। बच्चों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक हम स्वयं कक्षा कक्ष में एवं विद्यालय में बच्चों में घुल मिलकर काम नहीं करेंगे बच्चे सही से सीख नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का यह कार्यक्रम एक हिस्सा है, जो हमें स्वंय करके सीखने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में पहुंचकर स्काउट का झंडा फहराने के बाद उन्होंने बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों को देखा और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कब और बुलबुल के जिला संगठन आयुक्त अमित कुमार एवं सुनीता कपूर के साथ-साथ सभी स्कूल मास्टर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि काफी समय के बाद कुरुक्षेत्र में कब और बुलबुल की गतिविधियां आरंभ हुई है और उनका प्रयास है कि यहां के बच्चे इन गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन करें ।उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे ।उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी अध्यापकों के सहयोग और समर्पण भाव से कार्य करने पर बधाई दी। पंचकूला से आए राज्य प्रशिक्षक विनोद बंसल ने बहुत ही अच्छे से गतिविधियां करवाई और साथ में ए एल टी देशराज द्वारा विभिन्न प्रकार की मुद्राओं द्वारा बच्चों को विषम परिस्थितियों में किस प्रकार कार्य किया जाए सिखाया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों एवं प्रशिक्षकों को जिला मौलिक शिक्षा विभाग एवं स्काउट की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में सुल्तान सिंह, मोनिका भारद्वाज, रजनी, कीर्ति, वीरेंद्र ,सतीश भारद्वाज ,प्रदीप कुमार,मीडिया प्रभारी अमरजीत पांचाल व सरकारी और निजी विद्यालयों से आए हुए अध्यापक और बच्चे उपस्थित रहे।



**गतिविधियां**

8 प्रयास है कि यहां के बच्चे इन गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन करें

# महिला मोर्चा ने बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है उसके रोश स्वरूप अम्बाला छावनी महिला मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी अम्बाला छावनी कार्यालय पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फुका और ऐसे ओछी मानसिकता वाले व्यक्ति को जो कि संवैधानिक पद पर है उसको तुरंत बर्खास्त करने की महिलाओं ने मांग की। ओर यह भी मांग की कि ऐसे व्यक्ति को देश निकाला दे देना चाहिए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी से भी अनुरोध किया है कि ऐसे नीच व्यक्ति को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर देना चाहिए इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा गुरप्रीत कौर ने कड़े शब्दों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की निंदा की तथा मांग की की ऐसी नीच मानसिकता वाले व्यक्ति को देश से बाहर कर देना चाहिए ऐसा व्यक्ति भारत जैसे महिलाओं का सम्मान करने वाले देश में रहने के काबिल नहीं है। इस अवसर पर सदर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्षा विजया गुप्ता ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस प्रकार के नीचता पूर्ण बयान देकर देश की महिलाओं को शर्मसार किया है नारी शक्ति ऐसी नीच व्यक्ति को कभी माफ नहीं करेगी उन्होंने अपना विरोध जताते हुए कहा की संवैधानिक पद पर रहने के बाद नीतीश कुमार ने इस प्रकार की और असंवैधानिक बयान बाजी की है उन्होंने तुरंत प्रभाव से उनके इस्तीफा की मांग की।
सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हमारे देश में जहां नारी शक्ति की पूजा होती है उन्हें माता मानकर पूजा जाता है ऐसे देश में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस प्रकार के आपत्तिजनक बयान देकर अपनी नीचता का परिचय दिया है।



**विरोध**

8 बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने इस प्रकार के आपत्तिजनक बयान देकर अपनी नीचता का परिचय दिया है

# 'ओएसिस ओवरसीज डिस्टिलरी द्वारा निर्मित ब्रांड माल्टा की देशी शराब का न करें सेवन'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा ने अम्बाला के आमजन से अपील करते हुए कहा कि देशी शराब जिसक बैच नम्बर 16 नवम्बर 2021 ओएसिस ओवरसीज डिस्टिलरी द्वारा निर्मित ब्रांड माल्टा की देशी शराब का सेवन ना करे यह शराब जहरीली हो सकती है आमतौर पर देखा जाता है कि शराब के आदि व्यक्ति शराब की बोतल पर उसका बैच नम्बर, उसकी वैध तिथि व असली/नकली का फर्क ना देखते हुए उसका सेवन कर लेते है जिससे की वो अपने जीवन को तो संकट मे डालते ही है साथ मे अपने परिवार के सदस्यो के लिए भी मुसीबत खडी कर देते है। उन्होने कहा की इस प्रकार की शराब जहरीली हो सकती है इसके सेवन से बचें ।
उन्होने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बैच नम्बर 16 नवम्बर 2021 ओएसिस ओवरसीज डिस्टिलरी द्वारा निर्मित ब्रांड माल्टा की देशी अवैध शराब कही भी आपको बिकती हुई पाई जाती है तो उसकी सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस थाना या कन्ट्रोल रूम अम्बाला को सूचित कर एक जिम्मेवार नागरिक की जिम्मेदारी का निवहन करे।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी प्रबन्ध थाना को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र मे इस बैच की अवैध शराब की कही भी बिक्री होती हो तो संबधित के खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाये।



## न्यूज फ्लैश

### स्व. विद्यावति के श्रद्धांजलि समारोह में उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की

**राई: मार्किट कमेटी** सोनीपत के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल की माता 88 स्वर्गीय विद्यावति तुषीर के श्रद्धांजलि समारोह में वीरवार को नांगल कलां गांव में नेताओं, सामाजिक संगठनों, समाजसेवी आदि गणमान्य लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि स्वर्गीय विद्यावति तुषीर धार्मिक विचारों की थी। उन्होंने हमेशा धार्मिक भावना को बढ़ाने में योगदान दिया। उनके द्वारा किए गए कार्यों के कारण उन्हें जाना जाएगा। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि स्वर्गीय विद्यावति के दिखाए मार्ग पर उलकर उनके बेटे कुलदीप नांगल समाजहित में कार्य कर रहे है। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि स्वर्गीय विद्यावति तुषीर ने हमेशा अच्छे कार्य करते हुए संस्कारों को बढ़ावा दिया। इस मौके पर भाजपा ललित बत्रा, चेयरमैन ब्यूरों आफ पब्लिक इंटरप्राईजीज सुभाष बराला, राई से विधायक व महामंत्री मोहनलाल बड़ौली, जिलाध्यक्ष तीर्थराणा, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मबीर नांदल, ओमप्रकाश आत्रेय, निगम पार्षद राजेश दहिया, पुनीत त्यागी, अर्जुन दहिया, जजपा पूर्व हलकाध्यक्ष रामकिशन तुषीर, पदम सिंह दहिया, अजीत आंतिल, जयभगवान आंतिल, रमेश बड़ौली, पद्मश्री कवंल सिंह चौहान, एसई मोर्चा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र आर्य, पूर्व चेयरमेन नगरपरिषद जींद जवाहर सैनी, के अलावा गांव के सरपंच अनिल, पूर्व सरपंच बीटू, रामकिशन, अनिल तुषीर, आप जिलाध्यक्ष शिक्षा सैल मास्टर सतनारायण आंतिल, जेपी रेवली, जिला परिषद सदस्य संत नांदनौर, देवेन्द्र मकीनपुर, मुरथल से संजय, राई ब्लाक चेयरमैन सतेन्द्र, पूर्व चेयरमैन मीना नरवाल आदि ने पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### डीआईटीएम कॉलेज में ऑनलाइन रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने युवाओं का इंटरव्यू लिया

**गन्नौरः चिरस्मी रोड** स्थित दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गन्नौर में बुधवार को ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज में बेरोजगारी को खत्म करना है कॉलेज के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार की अध्यक्षता में मेला आयोजित किया गया। छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। रोजगार मेले को रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक माना जाता है इससे युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में सार्थक भागीदारी के अवसर मिलते हैं। डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार ने कहा कि छात्रों को जॉब पाने के लिए इधर-उधर आना जाना पड़ता है और बहुत बार उन्हें निराशा के साथ लौटना पड़ता है तो इस समस्या को देखते हुए डी आई टी एम कॉलेज गन्नौर ने अपने ही कॉलेज में रोजगार मेले का ऑनलाइन आयोजन किया। मेले में अलग-अलग पॉलिटेक्निक और स्नातक कॉलेज के 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया मेले में चार रिप्यूटियटेड एमएनसी कंपनी जी के एन प्राइवेट,एशियन पेंट्स ,एयरटेल ,एडवर्ब टेक्नोलोजी आदि कम्पनियों ने भाग लिया। इस मौके पर कॉलेज के स्टाफ नीलम शर्मा ने बच्चों को करियर के बारे में अवगत कराया। कॉलेज के स्टाफ अमन बड़कोडिया और मिस्टर दीपक छिक्कारा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें फ्यूचर प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी। चेयरमैन एस के जैन ने कहा कि हम भविष्य में ऐसे फेयर कराते रहेंगे जिससे हमारे देश में बेरोजगारी खत्म हो सके और सभी स्टाफ मेंबर्स को बधाई दी।

### विश्वकर्मा पूजा दिवस समारोह 13 नवंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। विश्वकर्मा** मंदिर प्रांगण में 13 नवंबर को विश्वकर्मा पूजा दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वकर्मा मंदिर कमेटी के प्रधान पुरुषोत्तम ने बताया कि 13 नवंबर को शिल्प कला के गुरु भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इस दिन प्रात 9:00 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान विश्वकर्मा देवताओं के शिल्पकार थे। धार्मिक मान्यता है कि भगवान शिव का त्रिशूल, रावण के लंका, श्री कृष्ण की द्वारिका, देवी देवताओं के अस्त्र-शस्त्र और घर का निर्माण भगवान विश्वकर्मा की ही देन है। उन्हें दुनिया का पहला वास्तुकार एवं इंजीनियर माना जाता है।इस दिन लोहे के समान मशीनों और दुकानों की पूजा होती है ताकि काम आ रही अड़चन दूर हो और कार्यों में सफलता मिले। उन्होंने जांगिड़ समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह एक दिन का अवकाश रखकर समाज की गतिविधियों में भागीदारी करें।

# निगमायुक्त ने अभियांत्रिकी शाखा के साथ की समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में आई मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए सख्त निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने अभियांत्रिकी शाखा के साथ की गई विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में आने वाली मांगों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कनिष्ठद्द अभियंताओं को निर्देशित किया कि जिन लोगों द्वारा मांग रखी गई है, उनके पास स्वयं जाकर कार्य को लेकर बातचीत करें और आगामी कार्रवाई शुरू करें। उन्होंने कहा कि कार्य में उचित समय से ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए, अगर कार्य संभव नहीं है तो उसे न करें, परंतु किसी काम को लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जन संवाद पोर्टल को चेक करते हैं, इसलिए सभी सतर्कता के साथ काम करें।

निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि जन संवाद कार्यक्रम में आई मांगों की वह स्वयं भी समीक्षा करें, अगर कोई अड़चन आड़े आ रही है तो उसका समाधान निकाला जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को भी इन कार्यों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मांगों पर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेकर इन कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि काम को अच्छे तरीके से करें, ताकि नागरिक संतुष्टद्द हों।



स्काडा प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर- समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि नागरिकों को निर्बाध जलापूर्ति मुहैया करवाने के लिए स्काडा (पर्यवेक्षी नियंत्रण और डाटा अधिग्रहण) प्रोजेक्ट प्रगति पर चल रहा है। इसके लिए नलकूपों पर पैनल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पीएलसी, स्टाटर व फ्लोमीटर इत्यादि उपकरणों को भी लगाया जा रहा है। सभी उपकरण लग जाने के बाद इनके आपस में कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने सम्बंधित जेई को निर्देश दिए कि वह मौके पर खड़े होकर अपनी निगरानी में सभी कार्य करवाएं और सारा कार्य वर्क प्लान के तहत किया जाए।

डिस्पोजल पर भी लगेगा स्काडा सिस्टम- निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की उचित तरीके से निकासी करवाने के लिए निगम के अधीन सभी डिस्पोजलों पर स्काडा सिस्टम लगाया जाए। उन्होंने इसके लिए जल्द डी.पी.आर. तैयार करने के भी निर्देश दिए और कहा कि इसकी प्रैजेंटेशन भी दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि डिस्पोजलों पर लगी जो मोटरें 20 साल पुरानी हो चुकी हैं, उन्हें बदल दिया जाए। जिन मोटरों को कुछ मरम्मत की आवश्यकता हो, तो उसे समय रहते करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट को आगामी बरसाती सीजन से पहले-पहले सिरे चढ़ाया जाए।

शहर की आधारभूत सरंचना के लिए लाएं नई परियोजनाएं- उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि शहर की आधारभूत संरचना के लिए नई-नई परियोजनाएं लाई जाएं, ताकि करनाल शहर को विकसित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए फंड यानि कोष की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करने से शहरवासियों की सुविधाओं में ओर इजाफा होगा और हमारे शहर का सौंदर्यकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए बड़ी परियोजनाएं लाकर उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें, ताकि उसे सिरे चढ़ाने के लिए आगामी कार्रवाई की जा सके।

अमरूत के कार्य जल्द करवाएं मुकम्मल- निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा को निर्देश दिए कि अमरूत प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे सभी कार्य जल्द पूरे करवाए जाएं, ताकि शहर वासियों को इनका लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यों पर पूर्ण निगरानी रखी जाए। जेई को रोजाना साईट का दौरा करने के भी निर्देश दिए।

## शिवपुरी राम नगर को मृत देह रखने के लिए भेंट किया फ्रिज



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत विकास** परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा मानवता भलाई के लिए सदैव तत्पर है। आज भारत विकास परिषद राधा कृष्ण शाखा ने अध्यक्ष प्रियंका काठपाल के नेतृत्व में शिवपुरी राम नगर को मृत देह रखने के लिए फ्रिज भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, सीडियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी मुख्य रूप से पहुंचे थे। मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि भाविप श्री राधाकृष्ण शाखा द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। यह संस्था समाजसेवा के कार्यो में बेहतरीन कार्य कर रही है। सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी ने कहा कि सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए सभी शाखा सदस्य बधाई के पात्र हैं, जो ऐसे नेक कार्य कर रहे हैं। प्रधान अशोक मुंजाल ने इस कार्य के लिए भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा का आभार जताया। इस दौरान श्री आदर्श सभा के प्रधान अशोक मुंजाल, सुरिंद्र अग्घी, महिंद्र अग्घी, बीआर चोपड़ा, लेख राम पाहूजा, शेखर मुंजाल, शाखा के सचिव प्रमोद नागपाल, उपाध्यक्ष संदीप कुकरेजा व सावी चौधरी आदि मौजूद रहे।

## 12 ग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** इंद्री की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी राजेश कुमार पुत्र राजकुमार वासी वार्ड नंबर 9 नियर विश्वकर्मा मंदिर इंद्री को नजदीक उधम सिंह कॉलेज इंद्री से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया । पुलिस पूछताछ में पाया गया की आरोपी राजेश स्मैक खाने और बेचने का आदी है। आरोपी स्मैक उत्तर प्रदेश से लेकर आता है और ऊंचे दाम में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बदमाशों ने दो महिलाओं के गले से की चेन स्नैचिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। वीरवार** को दो जगहों पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया। पहली वारदात करनाल के सेक्टर-13 में हुई, जहां पर एक महिला से पल्सर बाइक पर सवार चेन छीन ले गए। इन्हीं आरोपियों ने दूसरी वारदात को सेक्टर 6 में अंजाम दिया, जबकि तीसरी वारदात को सेक्टर 16 में अंजाम देने का प्रयास किया, मगर वह सफल नहीं हो सके। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक सवार बदमाशों को पकडने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। तीनों



महिलाओं की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-13 निवासी सुषमा दोपहर बाद अपने बच्चे को स्कूल से लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान पैदल चलते हुए बेटे के पैर का जूता निकल गया। वह बेटे को जूता पहनाने लगी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आए और उसके गले से चेन तोडकर फरार हो गए।

## गांव शामगढ़ में मकान की छत गिरने से मलबे में दबा पूरा परिवार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव शामगढ़ में एक मकान के कमरे की कच्ची छत गिरने से मां और उसके तीन बच्चे मलबे के नीचे दब गए। इस हादसे में 5 साल के इकलौते मासूम की मौत हो गई, जबकि जबकि अन्य दो बड़ी बहन व मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इनका इलाज करनाल के अस्पताल में चल रहा है।

ग्रामीण गुरजीत ने बताया कि रात को महिला कमलेश अपने बेटे रितिक, बड़ी बेटी मनीषा व छोटी बेटी राशि के साथ कमरे में सो रही थी। आज सुबह करीब 6 बजे अचानक कमरे मे लगा छत का



गाटर टूट गया और पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया। सुबह 6 बजे जब आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज आई तो वह घरों से बाहर निकलते तो मकान की छत गिरी हुई थी और बच्चों व

**हादसा**

**8 रात को महिला कमलेश अपने बेटे रितिक, बड़ी बेटी मनीषा व छोटी बेटी राशि के साथ कमरे में सो रही थी**

महिला की चीखने की आवाज आ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत मलबे को हटाकर पूरे परिवार को बाहर निकाला और इलाज के लिए करनाल में लेकर आया गया है, जहां पर डॉक्टरों ने रितिक को मृतक घोषित कर दिया। जबकि दोनों बहनों को भी काफी गंभीर चोटें आई है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

गुरजीत ने बताया कि मृतक रितिक का पिता रामदास कंबाइन चलाता है, जबकि उसकी पत्नी कमलेश दिहाड़ी मजदूरी करती है। रामदास अभी धान को काटाई के लिए दूसरे राज्य में कंबाइन लेकर गाया हुआ था।

हादसे के बाद रामदास को बेटे की मौत की सूचना दे दी गई है, जो अब करनाल वापस आ रहा है।

मृतक रितिक के परिजनों ने बताया कि काफी समय से रामदास का मकान जर्जर हालत में था। कई बार उसने प्रधानमंत्री गृह आवास योजना के तहत कच्चे मकान को पक्का करवाने के लिए फार्म भी भरे, लेकिन आज तक ग्रांट नहीं आया। कई बार सरपंच के पास भी गया, लेकिन हर बार आश्वासन दिया जाता था। लेकिन ग्रांट किसी ने नहीं दिलवाया।

तरावड़ी थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस हादसे में बच्चे की दो बड़ी बहनों को ज्यादा चोटें आई है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## 19 विभाग पहुंचे कन्या महाविद्यालय खरखौदा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**वीरवार** को खरखौदा कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में जिला न्यायिक प्राधिकरण सेवाएं सोनीपत के आदेश अनुसार एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 19 विभाग पहुँचे। जिनमें पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, जिला पंचायत विकास विभाग, रोजगार विभाग व एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम पहुंची। कार्यक्रम का संयोजन डॉ राज सिंह सांगवान जिला समन्वय एमडीडी ऑफ इंडिया बचपन बचाओ आंदोलन की तरफ से किया गया। कार्यक्रम के पहले फेस में अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। जिसमें कॉलेज की सभी छात्राओं एवं टीचिंग स्टाफ, नॉन टीचिंग स्टाफ ने भाग लिया बच्चों को संबोधित करते हुए डॉक्टर राज सिंह सांगवान ने बताया कि बच्चों का हर स्तर पर जो शोषण हो रहा है उसको कैसे रोका जाए। उन्होंने बच्चों को पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट और बाल शोषण से जुड़े प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने पर भी बाल विवाह जैसी कुरीतियों का बच्चे दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो बाल विवाह को प्रमोट करते हैं जैसे शादी के कार्ड छापने वाला, मौलवी, पंडित, पादरी, हलवाई, डीजे वाला, ब्यूटी पार्लर वाला इन सब के खिलाफ 2 साल की सजा एक लाख रुपए का जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना 1098 या 11 2 पर तुरंत दें। उन्होंने यह भी कहा कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जिला प्राधिकरण सेवाएं से एडवोकेट विकास सैनी ने जिला प्राधिकरण सेवाएं के तहत आम जनमानस को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे फ्री कानूनी सहायता के रूप में किसी भी केस में वकील फ्री दिया जाता है।

## ओम साईंराम स्कूल में हुआ दीपावली मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना/महेंद्रगढ़** स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम इंटरनेशनल स्कूल/ बचपन प्ले स्कूल के प्रांगण में आज एक दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन करवाया गया जिसकी चहल-पहल दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक बरकरार रही। उपरोक्त जानकारी देते हुए मेले के आयोजक एवं विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी तथा चेयरपर्सन निशा सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दीपावली मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खाने पीने की दुकानें और कुछ प्रतियोगिताओं (दिया, मटका, डेकोरेशन, रंगोली प्रतियोगिता आदि )का आयोजन भी करवाया गया। विद्यालय प्रवक्ता अमरसिंह सोनी ने बताया कि मेले में दर्शकों के लिए "रस्साकसी ,डांस, भांगड़ा ,मटका दौड़, ढोल और कुछ खेलों का आयोजन भी करवाया गया।

## निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा असंध** स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों ने अस्पताल पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक विवाहिता के पति विक्की निवासी चौचड़ा ने बताया कि उसकी शादी 1 फरवरी 2022 को गांव पिचौलिया निवासी 20 वर्षीय काजल के साथ हुई थी।



मंगलवार शाम को उसकी पत्नी काजल को पेट में दर्द हुआ। इसके बाद वह उसे असंध के निजी अस्पताल में लेकर गया। जहां पर मौजूद स्टाफ ने कहा कि उनकी पत्नी को प्रसव का दर्द है। उसकी यहीं पर नॉर्मल डिलीवरी करवा देंगे।

विक्की ने बताया कि उसकी पत्नी को डिलीवरी के लिए मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे ही अस्पताल में एडमिट कर लिया था। इस दौरान हमने स्टाफ से कई बार पूछा कि आप में से डॉक्टर कौन है। उन्होंने कहा पानीपत से बड़ी डॉक्टर आ रही हैं, वही डिलीवरी करवाएगीं। आप की पत्नी की नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी, लेकिन बुधवार सुबह पत्नी की डिलीवरी हुई तो बच्चे (बेटा) की मौत हो चुकी थी। डिलीवरी के दौरान उसकी पत्नी की काफी ब्लीडिंग हो चुकी थी, लेकिन डॉक्टर ने नहीं बताया। इसके बाद डॉक्टर द्वारा उसे गलत इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगने के बाद काजल की तबीयत और बिगडने लगी। जब उसकी पत्नी की हालत ज्यादा खराब हुई तो डॉक्टरों ने कहा कि उनकी पत्नी को दौरा पड़ा है और उसकी पत्नी को रेफर कर दिया।

विक्की ने बताया कि रेफर करने के बाद वह पत्नी को करनाल में ही एक निजी अस्पताल में लेकर गया, लेकिन यहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि डिलीवरी के दौरान उसकी पत्नी की ब्लीडिंग ज्यादा हो गई थी, जिस कारण उसकी मौत हुई है।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शहर विकास प्राधिकरण को थमाया 20 लाख का नोटिस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** पर्यावरण के बिगड़ते हालातों के बाद प्रदूषण नियंत्रण विभाग सख्त हो चुका है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को 10-10 लाख रुपए के नोटिस थमा दिए हैं। हुडा की जमीन पर बुधवार को दो जगह कचरा जलने की घटना हुई। इसमें पहला स्थान सेक्टर-12 में जीटी रोड पर और दूसरा स्थान सेक्टर 32 रहा। इन दोनों ही स्थान पर कचरा जलता हुआ मिला। इसको प्रदूषण विभाग ने गंभीरता से लिया और सख्ताई के साथ एक्शन लिया। वातावरण दूषित हो रहा है तो धुआं छोड? वाले वाहनों व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली



गतिविधियों पर भी पाबंदी लगा दी गई है। पाबंदियों का असर विकास पर भी पड़ा है। करीब 300 करोड के विकास कार्य प्रभावित हो चुके है।

बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड किसी तरह के ढिलाई के मूड में नजर नहीं आ रहा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के कायदे कानूनों की पालना अनिवार्य कर दी गई है। धुआं फैलाने वाले वाहनों पर तुरंत पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही बीएस 4 की श्रेणी में आने वाले वाहन भी रोक के दायरे में हैं। उन सरकारी बसों की भी सडक पर दौड? पर बैन लगा दिया गया है, जो वातावरण को दूषित करती है। यही नहीं अगर हालात ज्यादा बिगड़ते हैं तो स्कूल कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों को अपने लेवल पर ही छुट्टी करने का फैसला छोड़ा गया है। बीते दिनों डीसी अनीश यादव ने भी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली थी, जिसमें उन्होंने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेशों की पालना कंपलसरी की है। अगर कोई भी आदेशों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में प्रशासन भी किसी तरह से प्रदूषण नहीं फैलाना चाहता, जिसका नतीजा यह सामने आया है कि विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है। एक अनुमान के अनुसार करीब 300 करोड़ के विकास पर असर हुआ है, जिसमें छोटे से लेकर बड़े बड़े कार्य शामिल है। चाहे व सरकारी काम हो या प्राइवेट काम। चाहे वह बिल्डिंग का काम हो या फिर हाईवे के निर्माण का काम। सब पर रोक लगा दी गई है। जिन कार्यों पर प्रदूषण का असर हुआ है, उनमें स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत निमार्णाधीन 106 करोड़ रुपए का मिक्स्ड यूज डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, 34 करोड़ रुपए तैयार होने वाले रि-डेवलपमेंट ऑफ कर्ण स्टेडियम।

## 16 को होगा नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का अभिनंदन समारोह : योगेंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला भाजपा कार्यालय करण कमल में जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 16 नवम्बर को करनाल में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के स्वागत की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई एवं इस स्वागत समारोह को भव्य रूप प्रदान करने के लिए कार्यकताओं की जिम्मेदारियों निर्धारित की गई। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के सम्मान में रखे गए ये समारोह 22 नवंबर तक चलेंगे। सभी जिलों में अपने नए प्रदेशअध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनन्दन करने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। अभिनंदन



कार्यक्रम दो चरणों में रखें गए हैं। पहला चरण 4 नवंबर से नौ नवंबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण दीवाली के बाद 16 नवंबर से 22 नवंबर तक चलेगा। अभिनंदन समारोह कार्यक्रमों के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडोली को बनाया गया है। भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने शोभा यात्रा के रोड मैप के बारे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा अग्रसैन चौक, पुराने बस स्टैंड, घंटाघर चौक मैन बाजार से होते हुए पुरानी सब्जी मंडी शैड के नीचे कार्यक्रम तक सम्पन्न होगी तथा तदुपरांत प्रदेश अध्यक्ष स्वागत समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।

## संपादकीय

# नीतिश उवाच! ये क्या कह गए माननीय?

**स्त्री शिक्षा के** फायदे गिनाते-गिनाते नीतिश कुमार भाषा की मयार्दा इस कदर भूल गए कि याद भी नहीं रहा कि वो लोकतंत्र के मंदिर में बोल रहे हैं? अक्सर माननीयों के बिगड़े बोल सामने आते रहते हैं, लेकिन जिस तरह से नीतिश ने हाथ मटका कर, अजीब भाव भंगिमा के साथ मंगलवार को विधानसभा में जो शब्द बोले वो ज्यों के त्यों लिखे भी नहीं जा सकते। नीतिश ने जिस तरह से सेक्स शिक्षा पर बयान दिया उससे बवाल तय था। सवाल यह भी है कि क्या एक परिपक्व राजनेता को जो देश के प्रधानमंत्री का ख्वाब भी पाले हुए है, इतना भान नहीं था कि वो क्या बोल रहे हैं?कहां बोल रहे हैं? उसके मायने क्या निकलेंगे? माना कि मेडिकल साइंस की भाषा में उन्होंने गलत नहीं कहा लेकिन जिस जगह कहा वह ऐसा स्थान नहीं था जहां उस भाषा में कहा जाना था, जिसका उपयोग उन्होंने किया।जिस समय नीतिश बोल रहे थे उस समय सदन में कई महिला नेत्री भी बैठी हुईं थीं कुछ शर्म से सिर झुकाए हुए थीं तो एक ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। उनके समर्थन में शुरू-शुरू में आए लोगों ने अपने ही तर्क देने शुरू किए लेकिन जब बुधवार को नीतिश ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली तो उनके बयान से उठा तूल थमने के बजाए अलग ही रंग में रंगता दिखा। उनका कहना ह्लमैं खुद पर शर्म महसूस करता हूं, मेरी बात किसी को गलत लगी तो इसके लिए माफी मांगता हूंऔर अपना बयान वापस लेता हूं। इसके लिए दुख प्रकट करता हूं।ह्व लेकिन सवाल यही कि क्या बुरा बोलकर माफी मांग लेना ही पर्याप्त है? क्या भारतीय राजनीति में इसे परिपाटी माना जा सकता है? शायद नहीं, कभी नहीं। ऐसा भी नहीं है कि नीतिश देश के पहले राजनेता हैं जिनके बोल बिगड़े हों। हाँ ये बात जरूर है कि उन्होंने जिस तरह से कहा वो देश में पहली बार सुना और देखा गया है। हो सकता है कि दुनिया में भी सदन में पहली बार किसी ने कहा हो। आखिर नीतिश को इस तरह से बोलने की क्या जरूरत थी? सवाल तो बहुत से हैं लेकिन जवाब शायद किसी के पास नहीं होगा। सदन लोक प्रतिनिधित्व की पावन जगह है। यह कोई मयखाना या नशेड़ियों का अड्डा नहीं जो भी मन में आए बोल दिया। भले ही कोई मेडिकल साइंस की या जन्म दर के आंकड़े की दुहाई दे लेकिन सच तो यही है कि इस तरह की भाषा या शब्दावली के मायने चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन या चिकित्सा के वक्तसामान्य होंगे। वहां भी इसके बोलने, समझाने का शिष्ट तरीका है। बांकी समय ऐसी भाषा नहीं बोली जाती है। यह भी सही है कि सुशासन बाबू के नाम से भी अपनी अलग पहचान रखने वाले नीतिश कुमार की अलग छवि रही। नीतिश कुमार को कभी विकास कुमार भी कहा गया। जनचर्चा है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अपनी नई पहचान बनाने की पिनक में उन्होंने जो मुंह से कहा वो नई पहचान के लिए तो नहीं? क्योंकि दोनों ही सदन में कहना इसे चूक नहीं कह सकते।इसे जुबान फिसलना भी नहीं कह सकते क्योंकि कोई एक-दो शब्द होते तो माना भी जा सकता था यहां तो उन्होंने बड़े तरतीब से बेहद अश्लील शब्दों में अपनी बात कही। उनकी कही गई बात सच में दुनिया के किसी भी सभ्य समाज को नागवार गुजरना था, जो गुजरा भी। जो कहा वो पूरा का पूरा या ज्यों का त्यों लिखा भी नहीं जा सकता।

# गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

सुनील कुमार महला

"समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे"

**दीपावली से** जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं। धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के



लिए धन्यवाद देते हैं।
हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस आयुर्वेद का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ। हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम रूस-यूक्रेन, हमास-इजरायल युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे। धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मयार्दाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है।

समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे।

## कविता

### मानवीय संवेदनाओं को जिंदा रखिए

मानवीय संवेदनाओं को जिंदा रखिए, '
रिश्तो की भावनाओं को जिंदा रखिए।

संबंधों की नर्म ऊष्मा जिंदा रखिए, अहसासों
के दर्द को जिंदा रखिए,

चुप्पी दफ़्न करती कोमल रिश्तों को,
लफ्जों की आकांक्षाओं को जिंदा रखिए।

घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,
दिल के कोने में मोहब्बतों को जिंदा रखिये,

लालच ने लगाई सगे रिश्तों में सेंध,
बाल मन की शरारतों को जिंदा
रखिए,

दुष्कर हो आशाओं का सफर जिंदगी में,
साथ अनंत मां की दुआओं को रखिए.

गुरुर की भला क्या कीमत है जिंदगी में मित्रों,
दिलों में मासूम बच्चों को जिंदा रखिए'

संजीव ठाकुर

## दीवाली मनायें पर मिलावटी मिठाइयों बिना

**आर.के. सिन्हा**

**दीपावली** और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा ही माना जा सकता है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक झदो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण से घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना ही होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयों को बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली। मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहरी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी जी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावे बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं। बेशक पर्वों व खास अनुष्ठानों में मिठाई का बहुत महत्व होता है। दैनिक जीवन में मिठाई का सेवन भोजन के बाद किया जाता है। कुछ राज्यों में भोजन के पूर्व ही मिठाई पेश करने का रिवाज है। कुछ मिठाइयों को खाने का समय भी तय होता है जैसे जलेबी सुबह के समय खाई जाती है, तो रबड़ी रात में ककुछ मिठाइयां पर्वों से संबंधित होती हैं, जैसे गुझिया उत्तर भारत में होली पर बिकती है और पूर्वी भारत मे तीज के पर्व पर हर घर मे बनाई जाती है। उत्तर भारत में कलाकंद, काजू कतली, कालाजाम, गुलाब जामुन, घेवर, चमचम, जलेबी, बर्फी, तिलकुट, दाल हलवा, नारियल बर्फी, मिल्क केक, परवल की मिठाई, पेठा, पेड़ा, फीरनी वगैरह मिलती हैं। बताइये कि कौन सा इंसान होगा जिन्हें ये मिठाइयां पसंद न हो? इनका नाम सुनते ही मुहं से लार टपकने लगता है।

## विचार

# जाति जनगणना बनाम गरीब सबसे बड़ी जाति

**रोहित माहेश्वरी**

**चुनाव प्रचार** करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताया है। कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के चुनावी वायदे से होने वाले संभावित नुकसान की काट के तौर पर श्री मोदी गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताकर उन वर्गों को साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं जो ओबीसी श्रेणी में आने के बावजूद लाभान्वित नहीं हो सके। बिहार में जातिगत जनगणना के बाद उससे जुड़ी विसंगतियां जिस तरह से सामने आने लगी हैं उसका सूक्ष्म अध्ययन करते हुए भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस और मंडलवादी अन्य पार्टियों के हाथ से ये हथियार छीनने की फिराक में हैं। सुनने में आ रहा है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी आरक्षण और जातिगत जनगणना के राजनीतिक प्रभाव का आकलन करने के बाद किसी ऐसी नीति का ऐलान करने पर विचार करेगी जिससे आरक्षण का मौजूदा ढांचा बदले बिना ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर तबके को सभी प्रकार से संतुष्ट कर दिया जाए। आज के राजनीतिक माहौल में जातिगत आरक्षण को आर्थिक आधार प्रदान करना तो खतरे से खाली नहीं होगा परंतु एक बात अब निष्कर्ष में बदलने लगी है कि जातिगत आरक्षण केवल राजनीतिक नेताओं और उनके परिवारों की मिल्कियत बनकर रह गया है। उनके अलावा नौकरशाहों का एक वर्ग भी उसके फायदों पर कुंडली मारकर बैठा हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस संबंध में अनेक बार टिप्पणी भी की। सामाजिक मंचों पर भी इस बारे में मंथन चल रहा है। लेकिन राजनेता साहस नहीं दिखा पा रहे। कुछ साल पहले बिहार विधानसभा के चुनाव के समय रास्वसंघ प्रमुख डा.मोहन भागवत ने सहज रूप से आरक्षण की समीक्षा किए जाने का सुझाव दिया था। उसकी बेहद तीखी प्रतिक्रिया हुई और भाजपा को काफी नुकसान हो गया। हालांकि बाद में संघ प्रमुख ने इस बात को कई बार दोहराया कि फिलहाल आरक्षण को हटाने की स्थितियां नहीं बनी हैं। तभी से भाजपा भी इस विषय में सतर्क हो गई। और सोशल इन्जीनियरिंग का उपयोग करते हुए पिछड़ी जातियों को अपने साथ जोड़ लिया जिससे दूसरी पार्टियों को तकलीफ है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ के जगदपुर में आयोजित चुनावी रैली में कांग्रेस पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा, कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है। ये कहते हैं- जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब है, इसलिए गरीब कल्याण ही मेरा मकसद है। प्रधानमंत्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने लोगों को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का वो बयान याद दिला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। पीएम बोले, अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा। कांग्रेस की ये बातें सुनकर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी क्या सोच रहे होंगे? पीएम मोदी का जो एक सवाल कांग्रेस को सबसे ज्यादा उहापोह में डालेगी, वह है, क्या कांग्रेस अब मुसलमानों के अधिकारों को कम करना चाहती है? पीएम ने यह भी कहा कि अगर आबादी के हिसाब से ही देश के संसाधनों का बंटवारा होगा, तो सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर अपना सारा हक ले लें। नए महाराष्ट्र सदन में सांसदों से पीएम मोदी ने गरीबों के लिए काम करने और केंद्र द्वारा लाई गई गरीब-समर्थक योजनाओं के बारे में बताने को कहा। उन्होंने सांसदों से कहा कि गरीबी सबसे बड़ी जाति है. पीएम उत्तर प्रदेश और बिहार में जातीय संवेदनशीलता को लेकर सजग हैं। यूपी में पीएम मोदी ने सांसदों से जातिगत भेदभाव से ऊपर उठने को कहा। पीएम मोदी चाहते थे कि सांसद लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें ताकि गरीब उनका लाभ उठा सकें। केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए गरीब कल्याण रोजगार अभियान, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना और प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्मानिर्भर निधि योजना जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गप्प हाँकन कला

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बैक** बेंचरों में गप्प हाँकना एक सृजनात्मक कार्य है। यदि कोई गप्प हाँकने की कला में पटु है और सपने में अक्सर दूर के ढोल सुहावने दिखाई दें तो समझिये कि किसी न किसी की मेहनत लूटने वाली है। या यूँ कहिए कि ईमानदारी और मेहनत के घर घपले का जन्म होने वाला है। जमाने की आर्द्रता में गप्प हाँकुड़ों की नमी हो, तो वहाँ कथनी दिल्ली और करनी चौखट पर दिखाई देगी। बैक बेंचर केवल बैक बैंचर नहीं होते, बल्कि आफत-ए-सरदार होते हैं। जो जितना गप्प हाँकता है, वह उतना ही ऊँचा उठता जाता है।
वैसे इन गप्प हाँकुड़ों का क्षेत्र काफी घेराव लिए होता है। जमीन खरीदने-बेचने के फील्ड में ये उतर आएँ तो वे हाथ आजमाने की जगह मुँह आजमाने लगते हैं। इन गप्प हाँकुड़ों की चले तो प्लाट के बगल से मेट्रो नहीं जाएगी, बल्कि मेट्रो सवारियों को सीधे उनके घर जा-जाकर उतारेगी। गप्प हाँकुड़ों के जबड़े हमेशा लटके होते हैं। यहाँ तक कि मरते समय भी। अब भला मुँह का यंत्र चल-चलकर लटकेगा नहीं तो जुड़कर रहेगा। खूब बतकही करने से जबड़े के न दिखाई देने वाले पेंच ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में मुँह का खुला रहना लाजमी है। गप्प हाँकुड़ों का सपना होता है कि मौका मिले तो एक बार लालकिले से गप्प हाँक लें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि सरकार से बढ़कर कोई दूसरा गप्प नहीं हाँक सकता। सरकारी गप्प अक्सर शासनादेश की तरह होता है, और वह भी न समझ में आने वाली सरकारी भाषा में। इन गप्पों को नकारने में भूलसुधार कम, ढोंग-दिखावा का दावा अधिक होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गप्प करने का कोई समय, स्थान, धर्म, आचार-विचार, रंग-रूप नहीं होता है। बैक बैंचरों के पास हर समय गप्प हाँकने का समय होता है। आगे चलकर यही बहुसंख्यक बनते हैं फिर उन्हें रोटी चाहे न मिले, पर गप्प की खुराक बराबर चाहिए होती है। जब तक गप्प न हो उनका पेट नहीं भरता है। इडियट बॉक्स टीवी पर अनगिनत चैनल हैं और टीआरपी गप्प उड़ा ले जाता है। लालकिला गप्प हाँकने का सबसे बड़ा केंद्र है।

## विनम्रता और मनोबल से मुकाबला करें

**कठिन** तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है'
जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं इनसे जूझ कर जो आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नंबरदारों ने एसडीएम से की वेतन की मांग

**गन्नौर: क्षेत्र के** नंबरदारों ने वेतन की मांग को लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर से मुलाकात की। उन्होंने एसडीएम को बताया कि नंबरदार मानदेय के लिए कई-कई महीनों से चक्कर काट रहे हैं। उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दीवाली का त्यौहार आ रहा है, ऐसे में उन्हें त्यौहार से पहले वेतन मिल जाएगा तो उन्हें सुविधा होगी। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाई न केवल पिछला मानदेय निश्चित अवधि में दिलवाने और आने वाले महीनों में भी मानदेय 10 तारीख से पहले दिलवाने की गुहार लगाई। इस पर एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनका वेतन दिलवाने की प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही उनके खातों में वेतन भेज दिया जाएगा।

### पार्क के बाहर खड़ी सफाई कर्मचारी की मोटरसाइकिल चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** सोनीपत थाना क्षेत्र में हुड्डा पार्क के बाहर खड़ी सफाई कर्मचारी की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। शांति विहार निवासी अनिल ने बताया कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी के तौर पर तैनात है। उसकी हाल में सेक्टर-12 में डयूटी है। वह कर्मचारी यूनियन की आयोजित मीटिंग में सेक्टर-14 हुडा पार्क में गया था। जहां मोटरसाइकिल को पार्क के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद वापिस बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### माइंड वार्स नेशनल स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023 के लिये तैयार हो जाइये!

**नई दिल्ली।** भारत में एज्युटेनमेंट (शैक्षणिक मनोरंजन) की अग्रणी पहल माइंड वार्स, स्पेलिंग के लिये प्यार रखने वाले, माध्यमिक शाला के सभी विद्यार्थियों के लिये एक खुशखबरी लेकर आई है। यह जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) की एक पहल है और अपने नेशनल स्पेलिंग कॉन्टेस्ट माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के लिये पूरी तरह से तैयार है। यह शानदार अखिल भारतीय प्रतियोगिता पूरे भारत के कक्षा 4 से लेकर 9 तक के विद्यार्थियों के लिये है और इसमें वे अंग्रेजी भाषा में अपनी कुशलता दिखा सकते हैं। अपनेआप में अनूठी माइंड वार्स स्पेल बी 2023 का फॉर्मेट मल्टी-स्टेज वाला होगा। प्रतियोगिता की शुरूआत भाग लेने वाले स्कूलों में इंट्रा-स्कूल राउंड्स से होगी और विद्यार्थी तीन श्रेणियों में भाग लेंगे। हर क्लस्टर के विजेता को फिर ग्रैण्ड फिनाले में पहुँचाया जाएगा, जिसका प्रसारण माइंड वार्स यूट्यूब चैनल पर होगा, जिसके 72 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। ग्रैण्ड फिनाले में हर श्रेणी के शीर्ष तीन विद्यार्थी विजेता, प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता का खिताब और नगद पुरस्कार प्राप्त करेंगे। माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के विजेताओं को 10 लाख रुपए के नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और दूसरे मूल्यवान पुरस्कार मिलेंगे। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के सीनियर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट उमेश कुमार बंसल ने कहा, हम माइंड वार्स स्पेल बी को अभूतपूर्व ढंग से अखिल भारतीय अवतार में लाकर खुश हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी भाषा को सीखने को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये एक मंच प्रदान करना है । हमारा मानना है कि ऐसी पहलें बच्चों के मस्तिष्क के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। सारे विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक ध्यान दें! माइंड वार्स नेशनल स्पेल बी 2023 भाषा को सीखने की एक अनूठी एवं बेजोड़ यात्रा है, जो आपकी प्रतीक्षा कर रही है। यह सिर्फ स्पेल बी नहीं है, यह भाषा का उत्सव है, निजी विकास का सफर है और राष्ट्रीय स्तर के मंच पर चमकने का अवसर है। सिटी और क्लस्टर राउंड्स ही आपको लाइमलाइट में ले आएंगे, आप अपने स्कूल के प्रतिनिधि बनेंगे और अंग्रेजी भाषा के लिये अपनी लगन दिखाएंगे।

### शारदा अस्पताल ने रिचर्ड वुल्फ सेंटर के साथ मिलकर भारत में इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर की शुरूआत की

**ग्रेटर नोएडा:** शारदा अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी, प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी जर्मनी के साथ साझेदारी करके दिनांक 6 नवंबर 2023 को इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर की शुरूआत की है। जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर रोगियों के देखभाल की नवीनतम तकनीकों को बढ़ाना है। यह भारत में अपनी तरह का पहला इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर होगा। इस सेंटर का उद्घाटन श्री वाई.के. गुप्ता, वाइस चेयरमैन, शारदा अस्पताल और माननीय प्रो-चांसलर, शारदा विश्वविद्यालय एवं डॉ. ए.के गडपायले, चिकित्सा अधीक्षक,शारदा अस्पताल द्वारा किया गया। इस पहल पर अपने भाव व्यक्त करते हुए आईएससीसीएम प्रेसिडेंट साइटेशन अवार्ड प्राप्त, शारदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट एंड इंटरवेंशनल इंटेंसिविस्ट डॉ. मनीष भारती कहते हैं- " आज तकनीक का स्तर बहुत ऊँचा हो चुका है और चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक एक अहम भूमिका निभा रही है। हमें इस साझेदारी पर गर्व है और हम मानते है कि यह इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर एक्यूट ब्रोंकोस्कोपी आईसीयू में मरीजों की देखभाल के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होगा । यह पहल शारदा ग्रुप की मानव जाति की सेवा करने के मिशन के लिए समर्पित है।" स्टीफन गिले, डायरेक्टर ऑफ क्लिनिकल कस्टमर सपोर्ट, रिचर्ड वोल्फ जी.एम.बी.एच ने कहा वर्तमान समय में ब्रोंकोस्कोपी आईसीयू रोगियों की खास जरूरत है। इसमें बीमार रोगियों में परिणाम बदलने की क्षमता है। शारदा हॉस्पिटल के साथ हमारा यह सहयोग चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावशाली कदम है और यह पहल हमारे मिशन, शिक्षा और ज्ञान पर आधारित है, जो चिकित्सा क्षेत्र में नए और सकारात्मक बदलाव लाएगा।"

### क्ले मॉडलिंग में पारूल रहीं द्वितीय

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में आयोजित युवा महोत्सव हिंडोला 3.0 में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा पारूल ने क्ले मॉडलिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने महााविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय जोशी ने छात्रा पारूल को बधाई दी तथा युवा समारोह में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# जनसेवा का दूसरा नाम जनसंवाद: भव्य बिश्नोई

## आदमपुर से विधायक भव्य बिश्नोई ने पानीपत में दूसरे दिन प्रवास के दौरान विभिन्न वार्डों में किया जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**आदमपुर से** विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई ने पानीपत में अपने दूसरे दिन प्रवास के दौरान पानीपत ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न वार्डों में जन संवाद किया और उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन संवाद जन सेवा का दूसरा नाम है इनमें लोगों से सीधे तौर पर रूबरू होने और उनकी समस्याएं व मांगे जानने का भी मौका मिलता है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बेहद अनुशासित ढंग से प्रदेश का कायाकल्प किया है और निस्वार्थ भाव से जन सेवा की है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी युवावस्था में जिस तरह से हरियाणा की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है,उससे जनसेवा का मौका प्राप्त होगा।



आदमपुर से विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी वर्गों को साथ लेकर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बेहद ईमानदारी, सहनशीलता और दूरदर्शी सोच के साथ विकास कार्यों को नया आयाम दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय की सोच के कारण ही आज प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक उसके घर तक पहुंची है।

उन्होंने कहा कि करनाल और पानीपत जिला से उनके परिवार का गहरा नाता है जिसे भविष्य में भी बरकरार रखा जाएगा। विधायक भव्य बिश्नोई ने पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि विगत 9 सालों में अवैध कालोनियों को पक्का करवाने से लेकर मूलभूत सुविधाएं देने तक पानीपत ग्रामीण विधानसभा में विधायक महिपाल ढांडा ने अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं।

विधायक भव्य बिश्नोई ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के वार्डों में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं को उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें फौरी तौर पर दूर करें। भव्य बिश्नोई ने कहा कि जन संवाद में प्राप्त सभी समस्याओं में से जो समस्याएं मौके पर दूर करने की होगी उनके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जो मांगे विभिन्न वार्डों में रखी गई है उन सभी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा जाएगा और पूरा करवाया जाएगा। जनसंवाद के कार्यक्रमों में पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया के सुपुत्र चांद भाटिया, डिप्टी मेयर रविंद्र फुले,पार्षद कोमल सैनी,सतीश सैनी,अनिल बजाज,अनिता परुथी,निगमायुक्त राहुल नरवाल, एसडीएम मनदीप कुमार,निगम के कार्यकारी अभियंता राजेश कौशिक,प्रदीप कल्याण इत्यादि उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 नागरिकों को जांचा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**निशुल्क स्वास्थ्य** जांच शिविर में 150 नागरिकों ने शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान यातायात पुलिस सोनीपत आयुष विभाग सोनीपत मेमोरियल अस्पताल दुआ अस्पताल डूडेजा अस्पताल मित्तल डेंटल क्लिनिक स्माइल डेंटल सर्जन डॉ रजनी मुंजाल डॉ सुशील मिटल डॉ दुआ, डॉ अंजू सांगवान डॉ रचना मदान डॉ विन्नी दुआ डॉ अमनदीप कौर डॉ समीर मेहता डॉ लक्ष्य डूडेजा स्वास्तिक लैब से विवेक वर्मा वरिष्ठ डॉ रमेश मेहता अपनी टीम सहित मौजूद रहे । इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संगठन के सदस्यों में से



मुकेश अरोड़ा हर्षवर्धन दीवान एस सी गर्ग विनोद वर्मा गोपाल मक्कड़ रोशनी जी वीना ज्योति सिमरन नवीन इत्यादि ने तन मन धन से सहयोग देकर कैम्प में सहयोग दिया। कैंप के संयोजक संदीप बत्रा के द्वारा समापन समारोह में सहयोग करने वाले चिकित्सकों एवम मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 'एच.एस.जी.पी.सी. मतदाता: पंजीकृत कराने के लिए 15 तक करें आवेदन'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के लिए एच.एस.जी.पी.सी. मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए अब नए वोट बनाने की समय सीमा बढक 15 नवम्बर तक कर दी गई है।

डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि अब सिख समुदाय से संबंधित कोई भी नया मतदाता 15 नवम्बर तक स्वयं को एचएसजीपीसी के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची व नामों के पंजीकरण के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मतदाता सूची में नामों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी और शहरी क्षेत्र में नगरपालिका समिति/परिषद/ के सचिव के पास निशुल्क उपलब्ध हैं। कोई भी पात्र केशधारी सिख व्यक्ति जो हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची के लिए अपना नाम पंजीकरण कराना चाहता है, वह 15 नवम्बर तक अपना आवेदन जमा कर सकता है। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने सिख समुदाय के लोगों से अपील करते हुए वोट बनवाने का आह्वान किया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार; वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**

**थाना चांदनी** बाग पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी सन्नी निवासी भैसवान खुर्द सोनीपत को सेक्टर 25 अग्रसैन चौक के पास से गिरफ्तार किया।

थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में हर्ष पुत्र जगबीर निवासी निम्बरी ने शिकायत देकर बताया था कि 8 अक्तूबर की रात वह घर पर सो रहा था। देर रात करीब 11 बजे उसके मोबाइल फोन पर सन्नी निवासी भैसवान सोनीपत का फोन आया। सन्नी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था। सन्नी उसकी रिश्तेदारी में है। शिकायत पर आरोपी सन्नी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच व आरोपी को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए थे।

इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने जांच करते हुए बुधवार को आरोपी सन्नी को सेक्टर 25 में अग्रैसन चौक के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने के साथ ही आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर आरोपी सन्नी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसकी बेल हो गई।

### श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में सम्मान समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़**

**श्रीकृष्णा** स्कूल महेंद्रगढ़ में गुरुवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रुप से उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह द्वारा की गई। इस बारे में जानकारी देते संगीत अध्यापक संदीप कुमार व मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में दोहान उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें कई जिलों से कॉलेज एवं स्कूलों की लगभग 100 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुए ग्यारहवीं की छात्रा नेहा कुमारी न रागनी प्रतियोगिता में प्रथम, बारहवीं की छात्रा कल्पना हरियाणवीं कविता मे दूसरा स्थान व कक्षा सातवीं के छात्र हर्ष ने नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम गोर्वांवित किया है। इस अवसर पर स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बह्माण्ड में ईश्वर के बाद दूसरी शक्ति संगीत है। संगीत के माध्यम से हम अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त कर सकते हैं और अपने विचारों को दुनिया के साथ साझा कर सकते हैं तथा विद्यार्थियों के मानसिक विकास को भी बढ़ता है।

भारतीय संगीत हमारी संस्कृति की पहचान है। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभाशीष देते कहा कि संगीत हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### स्टेट अवार्ड के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगे

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला समाज** कल्याण अधिकारी रविन्द्र हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिकों/सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों/सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठनों आदि का मनोबल बढाने के लिए स्टेट अवार्ड के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगे गए हैं।

उन्होंने बताया कि सेंटेनियन अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ्द मॉ अवार्ड, साहस एवं वीरता अवार्ड, लाईफटाईम अचीवमेंट अवार्ड, वरिष्ठ्द चित्रकार अवार्ड, वरिष्ठ अभ्यास संगीतकार/गायक अवार्ड, सीनियर प्रैक्टिसिंग डांस अवार्ड, (प्रत्येक श्रेणी के लिए सभी तीन पुरस्कार) के लिए प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपए है।

### महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी के विरोध में नीतीश का पुतला फूंका



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**

**भाजपा ने** किसान मोर्चा के तत्वाधान में लघु सचिवालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार विधान सभा में महिला विधायकों की उपस्तिथि में महिलाओं के विरोध में अश्लील टिप्पणी के विरोध नीतीश कुमार और उनकी सरकार का पुतला फूंका।

पुतला फूंकने के पश्यात जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहा की जिस देश में यत्र नारियायास्तु पूज्यंते रमंते त्तर देवता के श्लोक जिस भारत की पावन धरा पर गूंजते हो उस देश में मुख्य मंत्री वैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति द्वारा महिलाओ के बारे अश्लील टिप्पणी असहनीय है मुख्य मंत्री नीतीश कुमार को इस घोर निन्दनीय टिप्पणी के बाद कोई नैतिक हक नही की वे पद पर बने रहे उनको तुरंत इस्तीफा देना चाहिए डा अर्चना गुप्ता ने महिलाओं का नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया । डा अर्चना गुप्ता ने कहा की नीतीश कुमार ने ने केवल माहिलों का अपमान किया अपितु विद्याकी का भी अपमान किया है। डा अर्चना ने तंज कसते हुए कहा की कतिथ सुषाण बाबू की नारी पर जुबान नही काबू। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की जहां एक ओर प्रधान मंत्री मोदी देश की महिलाओं को विधायी संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दे कर नारी शक्ति का सम्मान कर रहे है वही दूसरी और नीतीश नारी शक्ति का अपमान कर रहे है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के संयोजक,किसान मोर्चा जिला अध्य्क्ष महाबीर दहिया ने कहा कि नीतीश कुमार ने मातृशक्ति का घोर अपमान किया है और उन्होंने कहा कि उनका विधानसभा में दिया गया बयान महिलाओ के प्रति उनकी घटिया सोच को उजागर करता है।

### मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 15 कम्युनिटी सेंटर का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मेयर निखिल** मदान वीरवार को सेक्टर 15 कम्युनिटी सेंटर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने मेयर निखिल मदान के आगे कम्युनिटी सेंटर के हालातों पर चर्चा की और अपनी मांगें रखी। स्थानीय निवासी पवन गर्ग ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर में जल्द से जल्द रंग रोगन और सफेदी की जरूरत है। इसके साथ साथ कई जगहों से जर्जर हो चुके कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत की भी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त मौजूदा भवन का विस्तार किया जाने के भी



आवश्यकता है। ताकि आम जनता इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। मेयर निखिल मदान ने सारी समस्या सुनने के बाद मौके पर ही मौजूद निगम अधिकारी परविंदर कुमार को सभी समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु जरूरी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि अगले माह में कम्यूनिटी सेंटर के सुधार हेतु सभी आवश्यक कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

साथ ही मेयर निखिल मदान ने सभी निगम वासियों को धनतेरस और दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि शहर के सभी मुख्य मार्गों पर निगम द्वारा नई स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है, इस दीपावली पर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर अंधेरा नहीं रहेगा। जिससे आपराधिक घटनाओं और सड़क दुर्घटना में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मोहन सिंह मनोचा,पवन गर्ग,रवि ग्रोवर,मुल्तान सिंह, ओ पी आंतिल, कंवल सिंह सांगवान,राजेश मिड्ढा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बत्रा कॉलोनी का होगा जीर्णोद्धार

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी** विधानसभा के वार्ड 22 में स्थित बत्रा कॉलोनी का जीर्णोद्धार शीघ्र ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास परियोजना के तहत किया जाएगा। कई वर्षों से खस्ताहाल में पडी कॉलोनी के जीर्णोद्धार के लिए विधायक प्रमोद विज के प्रयास को मुख्यमंत्री ने अपनी मुहर लगा कर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है एवं कॉलोनी के जीर्णोद्धार हेतु लगभग 2.25 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान कर दी है कयोजना के शीरे चढ़ने के बाद बत्रा कॉलोनी के निवासियों का जन जीवन आसान होगा एवं जल निकासी एवं सड़के और पानी की सप्लाई पहले बेहतर होगी कबत्रा कॉलोनी के जीर्णोद्धार से लगभग 10 हजार स्थानीय लोगों का जीवन बेहतर होगा कबता दे कि लंबे समय से स्थानीय जनों एवं पार्षद चंचल योगेश डाबर के द्वारा कॉलोनी में बेहतर सड़के, सीवरेज और पानी सप्लाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु विधायक प्रमोद विज से माँग की जा रही थी, विधायक ने अधिकारियों के माध्यम से डीपीआर बना कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से फंड की माँग की थी, मुख्यमंत्री ने माँग को स्वीकार करते हुए बत्रा कॉलोनी वासियों को अपनी परियोजना के माध्यम से यह विशेष कार्य जल्द से करने हेतु आदेश दिए हैं क विधायक ने जताया मुख्यमंत्री का आभारः- विधायक विज ने बातचीत के दौरान बत्रा कॉलोनी के जीर्णोद्धार हेतु दी गयी राशि हेतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री का पानीपत के प्रति विशेष लगाव है, वे जब भी पानीपत के विकास हेतु उनसे किसी भी प्रकार की मांग करते है। मुख्यमंत्री शीघ्र मंजूरी देते है, प्रदेश सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन को बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं पार्षद ने मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभारः- पार्षद चंचल डाबर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और विधायक विज का वार्ड में हो रहे विकास कार्यो हेतु उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के नेतृत्व में वार्ड में पहले भी कई विकास कार्य हो चुके है।

## इनेलो की तरफ से नवनियुक्त हलकाध्यक्षों की सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**इनेलो सुप्रीमो** एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी 90 हलकों के हलकाध्यक्षों की नियुक्तियां की। वीरवार को इनेलो पार्टी की तरफ से नवनियुक्त हलकाध्यक्षों की सूची जारी की गई। नवनियुक्त हलकाध्यक्षों की सूची जारी करते हुए इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो सुप्रीमो द्वारा पार्टी के सभी 90 हलकाध्यक्षों की नई नियुक्तियां करने से ज्यादा से ज्यादा लोगों को इनेलो पार्टी से जुड़ने में मदद मिलेगी और इसका असर आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा। उन्होंने हलकाध्यक्षों की सूची जारी करते हुए कहा कि जरनैल सिंह जैली को कालका, गुरदास सिंह को पंचकुला, जसविन्द्र सकराहों को अंबाला सिटी, स. ओंकार सिंह को अंबाला कैंट, अवतार सिंह शेरगिल को मुलाना, भूप सिंह गुर्जर को नारायणगढ़, सर्वप्रिय को रादौर, गुरदयाल सिंह को जगाधरी, प्रवीण कैल को सढ़ौरा, मणिक सिंगला को यमुनानगर, गुरविन्द्र सिंह बाछल को शाहबाद, कृष्ण बूरा को थानेसर, सुरेश सैनी को लाडवा, राजेश मलिक को पेहवा, अनिल तंवर को कैथल, साहब सिंह संधू को गुहला, रणवीर सिंह फौजी को कलायत, सुरजीत सिंह पबनावा को पुंडरी, बिजेन्द्र



रापडि को गन्नौर, बेयराज दहिया को खरखौदा, राजेश अंतिल को राई, सुरेंद्र लठवाल को बरोदा, भगत सिह अंतिल को सोनीपत, दिलबाग मलिक को गोहाना, सुमेर सिंह को बावल, विनय यादव जैलदार को रेवाड़ी, कुलदीप ढहीना को कोसली, पूर्व सरपंच पप्पू को बहादुरगढ़, रमेश चाहर को बादली, संजय मातनहेल को झज्जर, बलराज राठी को बेरी, सतेंद्र उर्फ बिल्लू यादव को महेंद्रगढ़, अभय सिंह यादव को नारनौल, सतपाल छिल्लरों को नांगल चौधरी, कर्ण सिंह यादव को अटेली, पपली सरपंच को पटौदी, अटलवीर कटारिया को बादशाहपुर, चरण सिंह डागर को सोहना, शमशेर कटारिया को गुरूग्राम, रतन सिंह बनचारी को होडल, बलदेव देशवाल को पलवल, वेद सहरावत पहलवान को हथीन, एडवोकेट संजय श्योराण को लोहारू, जितेंद्र उर्फ मिनी को भिवानी, अशोक ढाणिमाहू को तोशाम, अशोक तिगड़ाना को बवानीखेड़ा, सत्यवान शास्त्री को बाढड़ा, जयभगवान ठेकेदार को दादरी, राजेश झटीपुर को समालखा, कुलदीप राठी को पानीपत ग्रामीण, लखपत रोड को इसराना, जिला पार्षद रघबीर सिंह को घरौंडा, भरत मढ़हान डब कौली को इंद्री, जोगा सिंह डबरी को करनाल, पूर्व सरपंच मेहर सिंह जूंडला को असंध, भगवंत सिंह संधु को नीलोखेड़ी, सूबे सिंह लोहान को उचाना कलां, सुखजिंद्र रेढू (पप्पू) को जींद, सतीश नैण को जुलाना, अंग्रेज सिंह को नरवाना, जोगेन्द्र कालवां को सफीदों, वेद प्रकाश भराण को महम, करतार सिंह सरपंच को गढ़ी सांपला किलोई, राकेश सहगल को रोहतक, जयसिंह शिमली को कलानौर, सत्यवान पानू को हिसार।

## न्यूज फ्लैश

### घर से हजारों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी, दंपति ने पुलिस को दी शिकायत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना क्षेत्र में घर से हजारों रुपये की नकदी व जेवरात के चोरी होने का मामला सामने आया है। दंपति ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
जांटी कलां निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह गत 8 सिंतबर को घर के चौबारे में सो रहा था। किसी ने उनके कमरे से दो मोबाइल फोन, 19700 रुपये की राशि, सोने की चैन, कान के बाले व गले का सेट सहित पाजेब चोरी कर लिए। अपने स्तर पर सामान की तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बोनस न मिलने पर रोडवेज कर्मचारियों की चेतवानी, काली दीवाली मनाने का लिया फैसला

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर 9 नवंबर को प्रदेश के सभी डिपो में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य संजीव कुमार व रोशन ने की संचालन डिपो प्रधान संजय ने की। सोनीपत डिपो प्रधान मंजीत पहल ने बताया सरकार द्वारा छुट्टियों का पत्र जारी करने के बाद भी दोबारा से छुट्टियों की कटौती का पत्र जारी कर दिया। सरकार द्वारा कर्मचारियों को पिछले कई वर्षों से बकाया बोनस नहीं दिया गया है। इस लिए कर्मचारियों ने काली दिवाली मनाने का फैसला लिया है। सरकार के वादा खिलाफी रवैया को देखते हुए कर्मचारियों में भारी रोष है। अगर सरकार समय रहते कर्मचारीयो की मांगों को नहीं मानती तो 26 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास (करनाल) का घेराव कर्मचारी करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर संदीप मलिक नरेंद्र शर्मा सरकरम सरोहा, राकेश दहिया, अनिल बडोली, बलराज शर्मा, कृष्ण कुमार, जमील, मनजीत, मिंटू, वीरभान, सुरेंद्र तोमर, ऋषि शर्मा, अमित सरोहा, महेंद्र सैनी, राजेश पेंटर, सोनू, विकास, दैविक अन्य साथी मौजूद रहे।

### पुत्रवधु से छेड़छाड़ व दुष्कर्म प्रयास का आरोपित ससुर गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुत्रवधु से छेड़छाड़ करने व दुष्कर्म प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकाय पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
एक महिला ने गत 7 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह घर पर अकेली थी। उसी सास करीब 20 दिन से अपने मायके गई हुई है। पीड़िता ने बताया कि उसका ससुर घर पर मौजूद था। उसने उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया।
विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता करने लगा। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी नीलम ने बताया कि पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### हिसार : सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने की जिलेभर में नाकाबंदी

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देश पर पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चैकिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे।

# हर सनातनी को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए: आचार्य आर्य नरेश

**पानीपत,कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**
पिछले तीन दिन से पानीपत के विभिन्न भागों में आर्य केंद्रीय सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी आज सावित्री बाई फूले एनक्लेव, सेक्टर 25 में दलबीर आर्य के निवास स्थान पर संपन्न हुई। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश से पधारे प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य आर्य नरेश ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक सनातनी को प्रतिदिन यज्ञ एवम संध्या(ब्रह्म यज्ञ) जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यज्ञ इस संसार का



श्रेष्ठतम कर्म है। इसमें हम जिन भी पौष्टिक पदार्थों या औषधियों की आहुति डालते हैं वह कई हजार गुणा करके अग्नि देवता हमे लौटाता है। आचार्य आर्य नरेश ने यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ से वायु शुद्ध होता है, वायु से जल शुद्ध होकर बारिश के रूप में जल खेतों को प्राप्त होता है और उसी शुद्ध जल से सिंचित अन्न ही यदि हमे खाने को मिलता है तो वह बहुत ही ज्यादा लाभकारी होता है।
उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम, योगिराज श्री कृष्ण जी एवम सभी ऋषि मुनि के साथ साथ प्रत्येक घर में दैनिक यज्ञ होता था जिससे सभी लोग सुखी एवम खुशहाल थे। आज हम पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर अपनी महान सनातनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। जिस कारण हम दुखी हैं। इसलिए यदि सुख चाहते हो तो सत्य सनातन वैदिक संस्कृति के अनुसार अपना आचरण करो।
इससे पहले आर्य समाज हुडा से ईश्वर स्तुति के मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। जो कि सेक्टर 12 व 25 के विभिन्न स्थानों से होती हुई होटल डेज के पास सावित्री बाई फूले एनक्लेव पर संपन्न हुई।
प्रभात फेरी में सरिता आहूजा, शकुंतला आर्य, शारदा बरेजा, सुमित्रा दूहन ने ईश्वर स्तुति, आर्य समाज और महर्षि दयानंद की महिमा मंडन के भजन गाए। श्रद्धालुओं का उत्साह और खुशी देखते ही बनती थी।

## गुड़ विक्रेता की जेब से मोबाइल फोन व राशि चोरी करने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
राई थाना पुलिस ने गुड़ विक्रेता की जेब से मोबाइल फोन व हजारों रुपये की राशि चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित निदेश उर्फ पत्र, चंदा वासी जठेड़ी व दीपक उर्फ फुस निवासी बली ब्राह्मणा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।
बागपत यूपी निवासी नीटू ने 14 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह गुड़ विक्रेता है। वह गुड़ बेचकर गांव वापिस घर जा रहा था। गांव जठेड़ी के पास पेड़ के नीचे घोड़ा-गाड़ी को खड़ी करके आराम करने लगा। उसी दौरान तीन युवक आए। वह शराब पीने लगे।
उसे पीने के लिए पानी दिया। उसके बाद उसे नींद आ गई। जब उसकी आंख खुली तो उसकी जेब से 42 हजार रुपये की राशि व मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर युवकों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मामले को लेकर पुलिस के अवगत करवाया। जांच अधिकारी प्रीतम सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपितों को काबू कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

## मंदिर में बाबा ने फंदा लगा दी थी जान, आत्महत्या को विवश करने का मुकदमा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई में स्थित मंदिर में बाबा ने फंदा लगाकर जाने देने के मामले में नया मोड़ आया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर दिल्ली पुलिस में तैनात कर्मचारी सहित उसके परिजनों पर आत्महत्या के लिए विवश करने व बीस लाख रुपये की मांग करने के चलते जान देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
बागपत यूपी निवासी संयोगिता ने बताया कि उसका देवर 14 वर्षो से दादा देव मंदिर ग्राम ककरोई में बाबा नाथ थे। जिनका नाम धर्मेंद्र उर्फ धर्मनाथ था। उनकी आयु करीब 50 साल हो चुकी थी। गत 26 सिंतबर को सुबह करीब 4.30 बजे कॉल आई। जिसमें धर्मनाथ ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही। वह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। जहां गांव के लोगों की भीड़ जमा हो रखी थी। उनके शव पर राख लगाकर व गैरवा कपड़ा लपेटकर बैठाया हुआ था। ग्रामीणों ने उन्हें समाधी दी, जिसके चलते उनका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। उनके पास मिले मोबाइल फोन का साथ लेकर आ गए। उन्हें कुछ दिन बाद मोबाइल को खोला तो उसमें स्वयं की वीडियों बनाकर अपनी आत्महत्या करने के जिम्मेदार लोगों के नाम बताए। मोबाइल में कई कॉल रिकार्डिंग में अलग-अलग नंबरों से बातचीत होना पाया गया। जिसमें धर्मनाथ से बीस लाख रुपये की मांग की जा रही थी। रिकार्डिंग में मौत का कारण गजराज, गजराज का भाई जोकि दिल्ली पुलिस में तैनात है। व गजराज को भांजे केडी वाले, डिग्गल का कालू का नाम स्पष्ट तौर से लिया हुआ है। वहीं एक महिला जिसका नाम सुनीता है। जोकि गजराज की पत्नी है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्टेडियम व नौलेज सैंटर में लगा लोहे का गेट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सदर थाना क्षेत्र के गांव बाघडू में स्थित स्टेडियम व नौलेज सैंटर पर लगे लोहे के गेट चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।गांव बाघडू निवासी प्रवीन ने बताया कि वह गांव की पंचायत का मौजूदा सरपंच है। ग्रामीणों ने गत 8 नंवबर को सूचना दी कि गांव के स्टेडियम व नौलेज सेंटर पर लगा लोहे का गेट गायब है। मौके पर पहुंचकर देखा तो किसी ने लोहे के गेट चोरी कर रखे पाए गए।

## त्योहारी सीजन में हादसों से मातम : सड़क हादसों में दो की गई जान

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
त्योहारी सीजन में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो की मौत हो गई। महलाना रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली में टकराने से बाइक सवार इकलौते बेटे की जान गई तो पलड़ी में बुलेट की टक्कर से महिला की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिवजाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर से बाइक सवार वन्य जीव फोटोग्राफर की मौत-

महलाना रोड स्थित शिव दर्शन वाटिका के सामने सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बीएसएफ जवान गांव मूलरूप से गांव भदाना फिलहाल विकास नगर गली नंबर-1 निवासी जगदीश ने बताया कि वह दिवाली पर्व की छुट्टी पर घर आए हैं। उनके इकलौते बेटे साहिल वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी करते हैं। जगदीश ने बताया कि वह गांव भदाना गए थे। जब बुधवार की रात को वह वापस शहर की ओर लौट रहे थे तो उनका बेटा उन्हें महलाना नहर के पास मिला था। जिसके बाद दोनों अपनी-अपनी बाइक पर घर की तरफ चल पड़े। साहिल बाइक पर उनसे आगे निकल गया। जबकि वह करीब एक किलोमीटर पीछे रह गए। जब साहिल शिवदर्शन वाटिका के पास पहुंचा तो वहां सडक के बीच खड़े ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में टकरा गया। ट्रैक्टर-ट्राली में कोई रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। वह वहां पहुंचे तो साहिल सड़क पर पड़ा था। वह उन्हें लेकर अस्पताल में पहुंचे तो चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इकलौते बेटे की हादसे में मौत के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# जिले में डेंगू का प्रकोप, 305 पहुंचा डेंगू ग्रस्त मरीजों का आकड़ा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में डेंगू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिनों में लैब से आई जांच रिपोर्ट में अलग-अलग स्थानों से 5 मरीज सामने आए है। पांच नए मरीज आने से विभाग की तरफ से सतर्कता को बढ़ा दिया गया है। विभाग की टीमें लगातार लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। जिले में अब तक 305 मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त के आ चुके है। विभाग की तरफ लारवा की जांच घर-घर की जा रही है।
बता दें कि जिले में डेंगू बुखार के साथ-साथ मलेरिया का खतरा फिर से बढ़ने लगा है। जांच रिपोर्ट ने

**अभियान**

**8 विभाग की तरफ से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान, संदिग्ध स्थानों पर किया जा रहा लारवा चेक**

विभाग की चिंता को बढ़ा दिया है। दो दिनों में आई रिपोर्ट में पांच नए मरीजों की पुष्टि हुई है। जिले में अब तक अलग-अलग स्थानों पर डेंगू से ग्रस्त 305 मरीज सामने आ चुके है। बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलर्ट जारी किया है। विभाग की 161 टीमें संदिग्ध क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने व जांच अभियान चलाने का काम कर रही है। विभाग की तरफ से अब तक करीब 3180 टेस्ट करवाएं गए है। स्कूलों में जाकर बच्चों को लारवा पैदा न होने व सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं जिले में अब तक 13 मरीज मलेरिया के भी सामने आ चुके है। विभाग की तरफ से लारवा मिलने वाले क्षेत्र में जागरूकता के साथ-साथ फोगिंग करवाने का कार्य किया जा रहा है।
विभाग की तरफ से घर-घर जाकर लारवा की जांच की जा रही है। लापरवाही मिलने पर लोगों को नोटिस दिए जा रहे है।

### डेंगू व मलेरिया के वर्ष दर वर्ष आकड़े-:

| वर्ष | सैंपल | मरीज | मौत |
| --- | --- | --- | --- |
| 2020 | 176 | 15 | 00 |
| 2021 | 7720 | 1013 | 00 |
| 2022 | 2292 | 315 | 01 |
| 2023 | 3180 | 305 | 00 |

### मलेरिया के आकड़े-:

| वर्ष | ब्लड स्लाइड | पॉजीटिव | मौत |
| --- | --- | --- | --- |
| 2020 | 147663 | 01 | 00 |
| 2021 | 196354 | 01 | 00 |
| 2022 | 228961 | 04 | 00 |
| 2023 | 1161882 | 13 | 00 |

नोट-: वर्ष 2023 में नवंबर-9 तक के आकड़े विभाग की तरफ से दिए गए है।

---

**दो दिनों में पांच नए मरीज सामने आएं है। आगामी दिनों में मौसम ठंडा होने की उम्मीद है। जिसके चलते कम मरीज आने की उम्मीद है। डेंगू लारवा जांच के लिए टीमें फील्ड में काम कर रही है। वहीं लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। स्कूलों व मोहल्ला में अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है।**
**डा. मंजीत राठी, जिला नोडल अधिकारी।**

## गूगल मैप पर रेटिंग देने का टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर 46 लाख रुपये ठगे

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना क्षेत्र में लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित इंजीनियर ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मामला साइबर थाना पुलिस के पास पहुंचा। जहां पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। ठगों ने गूगल मैप पर फाइव स्टार रेटिंग देने का टास्क पूरा करने का झांसा देकर उनकी टेलीग्राम पर आईडी बनवाई और बाद में खाते में नकदी डलवा ली। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
टावर-पी कुंडली निवासी अशोक ने बताया कि उसके व्हाट्सएप पर 29 अक्तूबर को एक मोबाइल नंबर से मैसेज आया था। जिसमें उन्हें गूगल मैप पर फाइल स्टार रेटिंग देने को लिखा गया था। साथ ही लिखा था कि रेटिंग देने पर वह इसके एवज में उन्हें रुपये देंगे। उन्होंने उनके पास टेलीग्राम लिंक भेजा गया। जिस पर बात करने को कहा गया।
बाद में उन्हें टेलीग्राम एप डाउनलोड करने को कहा। उसके बाद कई अन्य आईडी उनके साथ जोड़ दी गई। उसके बाद उन्हें एक हजार रुपये उनके दिए खाते में डालने को कहा गया। उन्होंने रुपये डाले तो इसकी एवज में उन्हें मुनाफा समेत 1450 रुपये उनके खाते में लौटा दिए गए। यह रुपये 30 अक्तूबर को खाते में डाले गए। उसके बाद उन्हें झांसे में लेकर टास्क पूरा करने को कहा। उन्हें टास्क पूरा करने के नाम पर 30, 40 और 60 फीसदी तक मुनाफा देने का झांसा दिया। जिससे वह उनकी बातों में आ गए। पीड़ित ने अपने दो बैंक खातों से 30 व 31 अक्तूबर को 15 बार में 46.33 लाख रुपये डाल दिए।

## श्रीराम जन्मभूमि से बहादुरगढ़ पहुंचेगा पीतांबरी अक्षत कलश

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पीतांबरी अक्षत कलश शुक्रवार को बहादुरगढ़ पहुंचेगा। यह कलश शाम 4:30 बजे शहर में नजफगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेगा। अक्षत कलश के स्वागत व पूजन के लिए श्रीराम भक्तों ने विशेष तैयारी की है।
विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मंत्री वरुण अक्षत कलश लेकर अयोध्या से पानीपत पहुंचे। बहादुरगढ़ में परिषद के सह जिला मंत्री हरज्ञान अक्षत कलश लेकर पहुंच रहे हैं।
बजरंग दल के रोहतक विभाग संयोजक नीरज वत्स ने कहा कि हम सभी बहादुरगढ़ निवासी अपने को बहुत सौभाग्यशाली समझते हैं कि श्रीराम लला के निमंत्रण के अक्षत को आशीर्वाद स्वरूप प्राप्त करने का शुभ अवसर हमें मिल रहा है।

## कांग्रेस के सिर पर भ्रष्टाचार की गठरी है: नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के सिर पर भ्रष्टाचार की गठरी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सिर पर विकास की गठरी है।
भाजपा विकास की राजनीति करती है और कांग्रेस भ्रष्टाचार तथा परिवारवाद की राजनीति करती है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार के द्वारा गांव, गरीब, किसान की खुशहाली व प्रगति के लिए किये गए कार्यों से इन 9 सालों में भाजपा पर जनता जर्नादन




का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। कार्यकताओं की ऊर्जा और आमजन का उत्साह बता रहा है कि 2024 में मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश और प्रदेश में भाजपा हैट्रिक लगाएगी। अपने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी अंबाला में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।
नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचने से पहले प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने प्रदेश के गृहमंत्र अनिल विज से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंटवार्ता की। दोनों नेताओं ने विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। इसके बाद श्री सैनी समारोह स्थल पहुंचे। यहां पहुंचने पर गृहमंत्री अनिल विज ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक असीम गोयल, जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा, प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया, पदाधिकारियों, सरपंचों व अनेक सामाजिक संगठनों ने नायब सैनी का फूल मालाओं, ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया।

# भाजपा में ही बन सकता है चाय बेचने वाला व्यक्ति भी प्रधानमंत्री: अनिल विज

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें पन्ना प्रमुख से लेकर कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है, ऐसा किसी भी पार्टी में नहीं हो सकता। विपक्षी पार्टियों को निशाने पर लेते हुए श्री विज ने कहा कि दूसरे दल तो सिर्फ कुनबा या फिर गैंग है। उन पार्टियों में मुख्यमंत्री का बेटा ही मुख्यमंत्री बनता है। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है तो ऐसे में ये देश के प्रजातंत्र को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।
अनिल विज ने कहा कि यह समय तुलनात्मक अध्ययन करने का है। नायब सैनी ऐसे समय में प्रदेश



अध्यक्ष बनें जब सभी पार्टियां चुनावों की तैयारियां कर रही हैं। लोगों ने कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियों का भ्रष्टाचार देखा और इन नौ सालों में भाजपा का पारदर्शिता और अंत्योदय को समर्पित शासन भी देखा है।
बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नितिश कुमार के महिलाओं पर दिए गए बयान पर बोलते हुए अनिल विज ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने नीचता की प्रकाष्ठा को पार कर दिया। विधानसभा में घिनौनी बातें जो उन्होंने की है उससे उनकी मानसिकता कैसी होगी यह दशार्ती है। ऐसी गंदी बात कहने वाले व्यक्ति को संवैधानिक पद पर नहीं होना चाहिए। बिहार के सभी विधायकों को चाहिए के वे दलगत राजनीति से उपर उठकर बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव लाएं और उन्हें सीएम पद से हटाएं।इंडी गठबंधन और कांग्रेस नेताओं की सोच पर निशाना साधते हुए अनिल विज ने कहा कि कांग्रेसी व इंडी गठबंधन में शामिल नेता घिनौनी हरकतें और बातें करते हैं। राहुल गांधी लोकसभा में फ्लाईंग किस करता है, आंख मारता है। कैसे-कैसे लोगों का कुनबा इंडी गठबंधन में एकत्रित हो गया। अनिल विज ने कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करने वाली पार्टी है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को धूआं से मुक्ति दिलाई। हर घर नल से जल देकर दूर-दूर से पानी लाने से राहत पहुंचाई। महिलाओं के हक में नारी शक्ति वंदन बिल लाकर लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिया।गृहमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता रात में टी पार्टी करते हैं और दिन में आकर लड़ते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे दूसरे राज्यों में जाकर बोलते हैं दिल्ली का मॉडल दूंगा, क्या है दिल्ली का मॉडल? आम आदमी पार्टी के दो मंत्री और एक सांसद जेल में बंद है और अब केजरीवाल का क्या होगा भगवान ही जानें!
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी गृहमंत्री अनिल विज ने निशाना पर लिया। उन्होंने कहा कि श्री हुड्डा आज अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग अलाप रहे हैं।

# जिला युवा महोत्सव के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 नवंबर: उपायुक्त

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में 20-21 नवंबर को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में आयोजित युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए किए जा रहे आवेदन की तिथि बढाकर 11 नवंबर की गई है। उन्होंने प्रतिभाशाली युवाओं का आह्वान किया कि वे बढ़-चढकर महोत्सव में हिस्सा लें, जिसके लिए सभी 11 नवम्बर तक अपना आवेदन अवश्य करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि 20

**आवेदन**

**8 -महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग के युवा 11 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन**

व 21 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव में युवा समूह नृत्य व लोक गीत, एकल लोक नृत्य एवं गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, फोटोग्राफी, तत्कालीन व्याख्यान आदि विषय पर प्रतियोगिताएं होंगी।
सदस्य सचिव एवं आईटीआई सोनीपत के प्रिंसीपल विक्रम सिंह ने बताया कि जिला युवा महोत्सव 2023 का आयोजन 20 व 21 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। आवेदक की आयु एक जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को 750 से 15 हजार रुपए तक का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मूल दस्तावेज की फोटो प्रतियों के साथ आवेदक को आईटीआई सोनीपत में पंजीकरण करवाना होगा।

# मिट्टी व रेत को बिना ढके खुले में चल रहे हैं भारी वाहन

## एसडीएम डा. निर्मल नागर ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधीकरण को फिर दिए कार्रवाई के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**गन्नौर में खराब** चल रहे प्रदूषण के स्तर को सुधारने के लिए प्रशासन लगातार काम कर रहा है। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में मिट्टी व रेत से भरे डंपर खुले ही चल रहे हैं। इसके चलते प्रदूषण का स्तर कम नहीं हो रहा है। एक सप्ताह पहले एसडीएम डा. निर्मल नागर ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधीकरण को मिट्टी व रेत को बिना ढके निकल रहे भारी वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने की वजह से मिट्टी व रेत से भरे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही जारी है। नियमों के मुताबिक रेत, मिट्टी व बिल्डिंग मेटिरियल का सामान ढोने वाले वाहनों को सड़कों पर ले जाते समय ढंक कर चलने के आदेश हैं। इसके बावजूद भी कई रेत व बजरी वाहन चालकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके साथ ही डंफर संचालक द्वारा धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव करवाया जा रहा था। अब यह भी बंद हो गया है। जिससे भारी वाहनों से उड़ती धूल वातावरण को प्रदूषित कर रही है। इन भारी वाहनों के पास से गुजरने पर दो पहिया वाहनों का भी परेशानी झेलनी पड़ती है। क्योंकि इन वाहनों से उड़ने वाली धूल के कारण उन्हें आगे कुछ भी दिखाई नहीं देता। ऐसे में कोई दुर्घटना होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। शहर के अगवानपुर रोड, बादशाही रोड, कामी रोड, रेहडा बस्ती रोड, गढ़ी झंझारा रोड, गुमड़ रोड, बीएसटी रोड पर ऐसे ओवलोड वाहन असकर ही देखने को मिल जाते हैं।



**नियमों की धज्जियां**

**8 रेत, मिट्टी व बिल्डिंग मेटिरियल का सामान ढोने वाले वाहनों को सड़कों पर ले जाते समय ढंक कर चलने के आदेश है**

**क्षेत्रीय परिवहन प्राधीकरण को फिर दिए आदेशः** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन प्राधीकरण को फिर से आदेश देते हुए ऐसे वाहनों का भारी भरकम चालान करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी वाहन चालक बाज न आएं तो उनके वाहनों को जब्त भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए किसी तरह की कोताही न बरतें।

# दो दिवसीय सोशल ऑडिट पी.एम.ए.वाई. मीटिंग अयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** में दो दिवसीय प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई-शहरी) की सोशल आडिट की मीटिंग प्रारंभ हुई। इस मौके पर क्रीड के प्रोजेक्टर डायरेक्टर डा.मनोज कुमार तेवतिया ने बताया कि इस योजना के चार मुख्य घटक हैं जिसमें स्थानिय स्लम पुर्नविकास आईएसएसआर , ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना सीएलएसएस भागीदारी में किफायती आवास एएचपी एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण/विस्तार बीएलसी है। इस प्रकिया में लगभग 30 नागरिक हिस्सा ले रहे हैं। अम्बाला शहर में 3454 लोगों ने इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। जिसमें से 712 आवदेनकताओं को पूर्णरुप से योग्य पाया गया तथा 251 लाभार्थियो को योजना का पूर्ण लाभ प्रदान किया गया है` दो दिवसीय सोशल आडिट मीटिंग का आयोजन अम्बाला नगर निगम द्वारा अम्बाला में आयोजित किया जा रहा है तथा यह मीटिंग चंडीगढ़ स्थित शोध संस्था क्रिड की देखरेख में आयोजित की जा रही है। इस कार्य के लिए शोध संस्थान क्रिड को हाउसिंग फॉर आल विभाग, हरियाणा द्वारा चयनित किया गया है। क्रिड से आई टीम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डा0 मनोज कुमार तेवतिया ने सोशल आडिट कमेटी मीटिंग के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सोशल आडिट के उदेदश्यों तथा फायदों का प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की यह प्रकिया सहभागिता, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता को बढ़ाने वाली है। उन्होंने अन्य राज्यों में सोशल आडिट से हो रहे फायदों की जानकारी भी दी। सोशल आडिट मीटिंग प्रतिभागियों को पांच सब कमेटियों में बांटा गया तथा जिसमें पहली कमेटी पीएमएवाई शहरी से संबंधित नियोजन एवं क्रियावंन दस्तावेजों का निरीक्षण, दूसरी कमेटी स्थानीय योजनाकारों एवं अधिकारियों का साक्षात्कार, तीसरी कमेटी लाभार्थियों एवं संबंधित हितधारकों को लेकर परस्पर सामुहिक परिचर्चा फोकस ग्रुप डिस्कशन चैथी कमेटी लाभार्थियों का साक्षात्कार तथा चयनित मकानों का स्थल निरीक्षण तथा पांचवी सब-कमेटी लाभार्थियों के किसी भी विषय के निदान के लिए जन सुनवाई आयोजित करेगी। जन सुनवाई का आयोजन नगर परिषद अम्बाला सी ?फ .सी सेंटर हाल में एव नगर निगम अम्बाला स्तर पर पंचायत भवन में आयोजित की जायेगी और सब कमेटियों के प्रस्तुतीकरण तथा स्टडी के आधार पर क्रिड फाईनल रिपोर्ट तैयार कर-के नगर निगम एवं राज्य सरकार के हाउसिंग फॉर आल विभाग, हरियाणा को प्रस्तुत करेगा। जिसके आधार पर योजना के कार्याणवन एवं गुणवत्ता में सुधार किया जा सकें। सोशल ऑडिट कमेटी के सदस्यों ने किस्तों को देरी से दिए जाने का मुद्दा उठाया।

## न्यूज फ्लैश

### कंबल विक्रेता हत्याकांड की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र** के खेवड़ा सड़क मार्ग पर स्थित ढाबे पर ढाबे पर चाय पीने के लिए आए कंबल विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ लोटा निवासी खेवड़ा व तेज सिंह निवासी बहालगढ़ का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत व दूसरे को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव बाबरी शामिल उत्तर प्रदेश निवासी शादाब ने गत 6 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह तथा उसका चाचा शाकिब (26) कंबल-रजाई बेचने के लिए 12 दिन पहले सोनीपत के बहालगढ़ में आए थे। वह बहालगढ़ में जयप्रकाश के मकान में किराए पर रह रहे है। गत रविवार रात को करीब 12 बजे दोनों चाचा-भतीजा चाय पीने के लिए खेवड़ा रोड स्थित बालाजी ढाबे पर गए थे। वह ढाबे पर बैठे थे कि इसी दौरान दो युवक भागते हुए ढाबे पर पहुंचे। वह ढाबे से आगे भाग गए। जिस पर वह तथा उनके चाचा शाकिब तथा अन्य उठकर ढाबे के गेट पर चले गए। इसी बीच बाइक सवार दो युवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने आते ही ढाबे के गेट की तरफ फायर कर दिया। जिस पर गोली उनके चाचा शाकिब के माथे पर लगी। जिससे वह नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना बहालगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुखबीर की टीम ने वारदात को अंजाम देने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तेजसिंह को दो दिन के रिमांड व रोहित को जेल भेज दिया। जानकारी मिली है कि आरोपित बंटी नाम के युवक को मारने के लिए आए थे। डाबे पर चाय पीने आए कंबल विक्रेता को गोली लग गई। पुलिस रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### घर से काम के लिए निकली महिला से मारपीट करने का आरोप

**सोनीपतः शहर थाना** क्षेत्र में घर से काम के लिए निकली महिला से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाबा कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह गत 5 नवंबर को घर से निकली। किसी काम के लिए जा रही थी। उसी दौरान बिजेंद्र व सुनील ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया। उसे धमकी देकर दोनों फरार हो गए। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। जांच अधिकारी एचसी सतपाल ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपितों को नामजद कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### डयूटी पर आ रहे होमगार्ड की ह्रदयगति रूकने से मौत

**सोनीपतः सदर थाना** क्षेत्र के गांव बाघड़ु से शहर में डयूटी पर आ रहे होमगार्ड की रास्ते में ह्रदय गति रूक गई। राहगीर व परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।
परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड में तैनात बिजेंद्र (41) वर्ष पुत्र मेहर सिंह गांव बागडू का रहने वाला था। हाल में उसकी ड्यूटी शहर ट्रैफिक में थी। वह घर से दोपहर को ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक से निकला था। जब वह बाइक लेकर महलाना धर्मशाला के पास पहुंचा तो अचानक उसे हार्ट अटैक आया। उसकी हालत बिगड़ गई। राहगीरों ने उसे देखा तो उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं राहुल ने बताया की बिजेंद्र की पत्नी ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं है। परिवार की आर्थिक हालत भी ठीक नहीं है।

# कैब बुक करने गाड़ी, मोबाइल व नकदी लूटने का आरोप

## पहले गाजियाबाद उसके बाद दिल्ली चक्कर लगाता रहा पीड़ित, कुंडली थाना थ्पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र में गाजियाबाद से कैब बुकिंग करने के बाद चालक से गाड़ी, नकदी, डेबिट कार्ड व कागजात लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक पहले गाजियाबाद उसके बाद दिल्ली थानों को चक्कर काटता रहा। पीड़ित ने मामले की शिकायत कुंडली पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
उत्तर प्रदेश आगरा युसुफपुर हाल में गाजियाबाद के खोडा निवासी पंकज बघेल ने बताया कि वह अपनी वैगन-आर कार को कैब में चलाते है। वह 5 नवंबर की देर शाम को गाजियाबाद स्थित शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तीन युवक उनके पास आए। उन्होंने दिल्ली के बुराड़ी के लिए उनकी कार को बुक किया था। वह कैब को लेकर बुराड़ी के लिए चल पड़े। जब वह रास्ते में पहुंचे तो इसी दौरान एक युवक ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल अड़ा दी। उन्होंने उनकी कार को रुकवा लिया। उसके बाद उन्हें पीछे की सीट पर बैठा लिया और हरियाणा की तरफ चल पड़े। उन्होंने मारपीट कर उनका मोबाइल, डेबिट कार्ड, 15 सौ रुपये व कागजात छीन लिये। वह गाड़ी को घुमाते रहे और देर रात को कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में उतारकर उनकी गाड़ी लेकर भाग गए। उन्होंने राहगीर से मोबाइल लेकर अपने परिजनों से बातचीत की। जिसके बाद वह अपने घर गए। उन्होंने 6 नवंबर को गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली थाने में शिकातय देने के लिए पहुंचा। जहां से उन्हें सिहानी गेट थाने में भेज दिया गया। वहां भी उनका मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। वहां से उन्हें बुराड़ी दिल्ली थाने में भेज दिया। वह बुराड़ी पहुंचे तो वहां भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका।

# चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई थाना** पुलिस ने नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिनेश उर्फ पत्र व चंदा निवासी जठेड़ी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। गांगढौली उत्तर प्रदेश निवासी नीटू ने गत 14 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत देकर बताया कि था कि गुड विक्रेता है। वह गुड़ बेचकर गांव जठेड़ी पहुंचा। जहां अपनी घोड़ा-गाड़ी को पेड़ के नीचे खड़ी करके आराम करने लगा गया। उसके पास दो लड़के आए। वह शराब पीने लगे। उसे पानी पीने के लिए दे दिया। वह पानी पीकर सो गया। कुछ देर बाद उसकी आंख खुली तो लड़के वहां नहीं मिले। उसकी जेब कटी हुई मिली। जिसमें से 42 हजार रुपये की राशि व मोबाइल फोन गायब मिला। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी प्रीतम ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# टोलकर्मी पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

## अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर गांव भिगान के पास स्थित टोल कर्मी पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित व हर्ष निवासी शाहजादपुर के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव कालुवाहर होशियारपुर निवासी दीदार ने गत 8 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताय था कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव भिगान स्थित टोल पर कार्यरत है। टोल पर एक सफेद गाड़ी आकर रूकी। जिसमें तीन युवक बैठे हुए थे। गाड़ी दिल्ली-पानीपत साइट लाइन में आई। टोल फीस अदा करने से मना कर दिया। दोनों ने टोल का बुम बेरियर को हाथ से खोलना चाहा। कर्मचारियों ने उन्हें मना किया तो बहस करने लगे। उसके बाद जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। वारदात टोल पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल दो अन्य आरोपितों को अब गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# किसान के खेत से फसल चोरी, पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र में किसान के खेत से फसल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
गांव कुराड़ निवासी आकाश ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। गत 6 नवंबर को दो एकड़ धान की फसल निकालकर खेत में रखवाकर घर आ गया। अगले दिन वह खेत में पहुंचा तो फसल गायब मिली। अपने स्तर पर फसल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# टावर लगाने का झांसा देकर ठगी करने के पांच दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा

## अदलात ने दोषियों पर दस-दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अतिरिक्त** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा की अदालत ने नामी कंपनी के नाम का प्रयोग कर टावर लगाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को दोषी करार दिया है। अदालत ने पांचों दोषियों को पांच-पांच साल कैद व 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इंडस टावर कंपनी के अधिकारी रामलाल ने 30 अगस्त, 2013 को सिविल लाइन थाने में शिकायत दी थी कि न्यू तारानगर में कुछ लोग उनकी कंपनी के नाम पर टावर लगाने का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। उनकी कपंनी नामी कंपनियों के टावर लगाती है। धोखाधड़ी करने वालों ने इंडस ग्रुप लिमिटेड के नाम से कार्यालय खोल लिया है और इतना ही नहीं वह कंपनी का ही लोगो प्रयोग कर रहे हैं, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी व कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने जब छापा मार कार्रवाई की थी तो कार्यालय का नाम इंडस के नाम पर मिला था। पुलिस ने वहां कार्यरत गन्नौर के अशोक नगर निवासी गुंजन नाम की युवती को गिरफ्तार था। गुंजन ने अर्वंतिका के नकली नाम पर अकाउंट खोल रखा है और इसी नाम से ई-मेल आईडी बना रखी थी। ठगी करने वालों ने पश्चिम बंगाल में टावर लगाने के नाम पर समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था। साथ ही धोखाधड़ी करने के लिए करनाल के एक बैंक में झूठी आईडी से अकाउंट खोल रखा था। ताकि आसानी से आरोपितों का सुराग न लग सके। आरोपित तब तक सोनीपत में तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन कर चुके थे। चौथे व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन करने वाले थे कि मामले का खुलासा हो गया था। जांच में सामने आया था कि कि टावर लगाने के नाम पर 70 लाख रुपये का लालच देते थे। मामले में पुलिस ने गन्नौर के अशोक नगर निवासी अंकित व विनय, करनाल के राम नगर निवासी भारत भूषण व उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव बली निवासी संतरपाल को गिरफ्तार किया था।मामले की सुनवाई के बाद एसीजेएम शिखा ने पांचों आरोपितों को दोषी करार दिया।

# बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए गठित कमेटी की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**जिले में** बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए उपायुक्त ने एक कमेटी का गठन किया है। एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर को कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। जबकि एसडीएम सोनीपत अमित खोखर, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, कृषि विभाग के उपनिदेशक पवन शर्मा, प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड के आरओ प्रदीप कुमार को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। बृहस्पतिवार को कमेटी के चेयरमैन डा. निर्मल नागर की अध्यक्षता में कमेटी की एक बैठक हुई। बैठक में पिछले साल की अपेक्षा इस साल बढ़ रहे प्रदूषण के मूल कारणों, पराली जलाने की घटनाओं, पराली प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों से हो रही चूक व प्रदूषण के स्तर को कम करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर ने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए एक्सपर्ट, ग्राम पंचायतों व प्रगतिशील किसानों की राय लेने की जरूरत है। कमेटी के सदस्य अगली बैठक तक सभी लोगों की सुझाव लेकर पहुंचे, जिसके बाद इन सुझावों को उपायुक्त के समक्ष रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंन पराली जलाने की घटनाओं पर भी विस्तृत बातचीत करते हुए पराली प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि प्रदूषण को रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई चूक हो रही है तो उसका भी पता करें, ताकि उस पर भी काम किया जा सके। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा उपायुक्त जिले में प्रदूषण के स्तर को निम्न करने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में हम सब की भी प्रदूषण पर रोक लगाने जिम्मदारी बनती है। इस मौके पर तहसीलदार मनोज कुमार, कानूनगो धर्मबीर सोनी, खंड कृषि अधिकारी आनंद श्योराण सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# आधुनिक हुआ चीनी मिल का एप, घर बैठे किसान बुक कर पायेगें अपना टोकन

## गन्ना उत्पादकों का मिल में समय पर आ पायेगा कांटे पर नंबर, यार्ड में नहीं लगेगी ट्रालियां की भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत गन्ना उत्पादकों को आधुनिक सुविधाए प्रदान करने पर अग्रणी भूमिका निभाने में कामयाब हो रहा है। कुशल इंजीनियर व प्रबंधन की कड़ी मेहनत के चलते गन्ना उत्पादकों के लिए चीन मिल एप गत वर्ष पहले तैयार किया था। उक्त एप को ओर आधुनिक बनाया गया है। गन्ना उत्पादक घर बैठे अपना टोकन बुक कर पायेगा। उसके हिसाब से घर से गन्ना लेकर चीनी मिल में पहुंचेगें। एप पर टोकन सुविधा उपलब्ध होने से गन्ना उत्पादकों की समय की बचत हो पायेगी। वहीं मिल प्रबंधन की तरफ से वर्ष 2023-24 पेराई सत्र के लिए गन्ना उत्पादकों के साथ करार किया है। जिसको लेकर नवंबर 10 तक किसानों से अपत्तियां मांगी गई है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित चीनी मिल की तरफ से गन्ना उत्पादकों को सुविधा देने के लिए गत वर्षो पहले एप तैयार किया था। प्रदेश में चीनी मिल पहला ऐसा मिल था जहां उक्त एप के जरिए गन्ना उत्पादक मिल में डालना शुरू किया। उसके बाद चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना सहित अन्य मिलों को उक्त एप की सुविधा को शुरू किया गया था। उक्त एप में किसान को अपनी पर्ची, वार्ड में ट्रालियों की संख्या, गन्ने का सर्वे, पेराई के आकड़े, पुरानी पर्ची जमा करने, भुगतान, बाहरी गनना क्रय-केंद्र की सुविधा दी गई थी। जिसके बाद से किसान घर बैठे अपने फोन पर उक्त सुविधाओं का लाभ उठा पा रहा था। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों की सुविधा बेहत्तर करने के लिए एप पर खुद ही टोकन बुक करने की सुविधा को शुरू किया। जिसका ट्रायल हो चुका है। पेराई सत्र वर्ष 2023-24 में उक्त सुविधा का लाभ गन्ना उत्पादक ले सकेगें।

**करार**

**8 गन्ना उत्पादकों के साथ वर्ष 2023-24 में 33 लाख 50 हजार गन्ने के बॉड का करार हुआ है**

**गन्ना उत्पादकों के साथ बॉड फाइनल, उत्पादकों से मांगी आपत्तियांः** चीनी मिल सोनीपत के अंतरग्रस्त आने वाले गन्ना उत्पादकों के साथ वर्ष 2023-24 में 33 लाख 50 हजार गन्ने के बॉड का करार हुआ है। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों से आगामी दस नवंबर तक आपत्तियां दर्ज करने की तारीख दी है। उसके बाद उक्त करार को फाइनल रूप दे दिया जायेगा। जरूरत के हिसाब से मिल प्रबंधन किसानों से गन्ना लेगा।

**कुशल इंजीनियर के चलते मिल रहा लाभ, गन्ना उत्पादकों को हुई सुविधाःह्व** चीनी मिल सोनीपत में तैनात इंजीनियर राकेश कुमार की तरफ लाखों रुपये कीमत से तैयार होने वाले उक्त एप को फ्री में तैयार कर गन्ना उत्पादकों को सौगात देने का काम किया था। उसके बाद उक्त एप को चौ. देवीलाल चीनी मिल में भी प्रयोग किया जा रहा है। एप से जिले के गन्ना उत्पादकों को फायदा पहुंचा था। जिससे उनकी भागदौड़ में काफी हद तक कमी आई है। मिल प्रबंधन व जिला प्रशासन की तरफ से इंजीनियर को सम्मानित करने का काम किया गया था। आधुनिक हुई एप की सुविधाएं, गन्ना उत्पादकों का बचेगा समय-चीनी मिल द्वारा तैयार किए एप को इस पेराई सत्र के लिए ओर भी आधुनिक बनाने का काम किया है।

# आरडब्ल्यूए ने किया दिवाली मंगल मिलन समारोह आयोजित

**मॉडल टाउन के लाल बाग स्थित रामलीला पार्क में आरडब्ल्यूए ने मनाया मंगल मिलन समारोह, आरडब्ल्यूए ने किया अतिथियों को सम्मानित**






**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके लाल बाग के रामलीला पार्क में लाल बाग जनकल्याण रेजिडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन एवं सहयोगी संस्था स्मार्ट केयर फाउंडेशन द्वारा बड़े ही भव्य रूप में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर भाजपा नेता अशोक गोयल, मॉडल टाउन के निगम पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क के निगम पार्षद सुशील जोंटी, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नत्थूराम नागर, पूर्व निगम पार्षद रिंकू माथुर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सचिन दीवान, संजीव रोडे, नीरज चोपड़ा, राशिम बजाज, सुभाष असडी, हरीश असडी, पुनीत गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राज खुराना, श्वेता जैन, मनोज मछला, ईश अरोड़ा, रविशंकर, सहयोग, राज बेला मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया। आपको बातदें कि कार्यक्रम के दौरान भव्य रूप में कई प्रकार की धार्मिक झांकियां दिखाई गई।

इस मौके पर अध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, महासचिव रिंकू माथुर, उपाध्यक्ष हरिशंकर बाबू, सह सचिव लाल बाबू, शिकायत प्रकोष्ठ अनिल यादव, महिला अध्यक्ष ललिता सरोज, सह कोषाध्यक्ष पिंकू माथुर, महिला उपाध्यक्ष ममता शिक्षा विभाग, पिंटू, सुशील मिश्रा, संजय गर्ग, सुभाष देव, उमेश कुमार, जाहिद, सोनू, दीपक सुमन सहित सहयोगी संस्था स्मार्ट केयर फाउंडेशन से सूरज गुप्ता भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि हमारी आरडब्ल्यूए का प्रयास है कि जनता को बेहतर सुविधाएं मिले और जनता को परेशान न होना पड़े।

उन्होंने आगे बताया कि मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं।







## भक्ति में है शक्ति: जैनेंद्र जैन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूजा-पाठ करते** समय हमें भगवान के सामने किसी तरह की शर्त नहीं रखनी चाहिए। निस्वार्थ भाव से की गई पूजा ही श्रेष्ठ मानी जाती है। इसलिए यह भी कहा जाता रहा है कि कर्म कर फल की इच्छा न कर फल भगवान समय आने पर स्वंय ही दे देंगे। उक्त बातें त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित सेठ सांवरिया परिवार संस्था के अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार जैन ने कही। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा की जीवन में जो भी कुछ मिल रहा है, उसे भगवान का आशीर्वाद मानकर स्वीकार करना चाहिए और संतुष्ट रहना चाहिए। यही जीवन में सुख और शांति बनाए रखने का मूल मंत्र है। इस संबंध में कई प्रकार की लोक कथा भी प्रचलित है। उन्होंने बताया कि भक्ति हमेशा निस्वार्थ भाव



से करनी चाहिए और जीवन में जो भी कुछ मिलता है, उसके लिए भगवान का आभार मानना चाहिए। हर हाल में संतुष्ट रहना चाहिए और यह सोचकर संतुष्ट रहना चाहिए कि भगवान ने हमें जो दिया हैं बहुत अच्छा और सोच समझकर दिया हैं, और भविष्य में भगवान जो भी करेंगे वह भी अच्छा ही करेंगे।

## भलस्वा वार्ड में दिल्ली की मेयर ने किया दौरा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड-17 (भलस्वा वार्ड) के आईटीआई जहांगीरपुरी में दिल्ली की महापौर डॉक्टर शैली ऑबरॉय, निगम पार्षद अजीत यादव, निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा और नगर निगम सिविल लाइन जोन उपायुक्त बी पी भारद्वाज ने बढ़ते हुए पॉल्यूशन को देखते हुए वार्ड-17 भलस्वा के आईटीआई में हॉट स्पॉट पॉइंट्स का निरीक्षण किया। इस मौके पर एमसीडी के सभी अधिकारी और वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर सहित अनेको कार्यकर्ता और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वत्स ने पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय के.आर नारायणन की 18वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि नारायणन विलक्षण प्रतिभा के धनी राजनयिक, शिक्षाविद्, पत्रकार और राजनीतिज्ञ थे। नारायणन भारतीय विदेश सेवा में थे। वे अमेरिका, चीन, यूके,तुर्की और थाइलैंड में भारत के राजदूत भी रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कहने पर वह राजनीति में आए और तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। वह केंद्रीय मंत्री मंडल के भी सदस्य रहे। उसके बाद नारायणन देश के उप-राष्ट्रपति और बाद में राष्ट्रपति बने। इससे पहले उन्होंने पत्रकार के रूप में द हिंदू और टाइम्स आफ इंडिया समाचार पत्रों में भी कार्य किया। वत्स ने कहा कि वे बेहद विनम्र, सादगी पसंद और अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के धनी विद्वान राष्ट्रपति थे। उनकी मधुर स्मृतियों को स्मरण करते हुए वत्स ने कहा कि उन्हें कई बार श्री नारायणन से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## शकूरपुर: पटरी से उतरी वार्ड-62 की सफाई व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**काफी लंबे** समय से त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित शकूरपुर वार्ड-62 में निगम की लापरवाही के चलते सफाई व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है।


कई मोहल्लों में लंबे समय से सफाई नहीं हो रही है। कुछ स्थानों पर नालियों की सफाई करने के बाद कूड़ा सड़कों पर ही छोड़ दिया जा रहा है। दोनों ही स्थितियों में समस्या मोहल्ले के लोगों को झेलनी पड़ रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी निगम अधिकारी व स्थानीय निगम पार्षद जनता की इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां पर हम बात कर रहे हैं शकूरपुर वार्ड-62 स्थित डी ब्लॉक की।




कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सफाई के बाद कूड़ा सड़कों पर ही छोड़ दिया गया है। जिसमें बाद में आवारा पशु कचरे में मुह मारकर सड़कों पर फैला देते है, इससे दुर्गंध फैल रही है। वहीं संक्रमण का भी खतरा बना रहता है और निगम अधिकारी शिकायत के बाद भी समाधान नहीं कर रहे हैं। वहीं लोगों ने बताया कि काफी लंबे समय से सफाई कर्मी नहीं आ रहे हैं और अगर गलती से आ भी जाए तो औपचारिक रूप से उल्टी सीधी और आधी अधूरी झाड़ू मारकर निकल जाते हैं और गंदगी अधिक होने से मच्छर पनप रहे हैं।

## प्रदूषण से दिल्ली के लोग परेशान, सरकार मस्त: हरिशंकर गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सबसे प्रदूषित शहरो में अव्वल नंबर पर हो रही है। क्योंकि दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली की ओर ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने आगे बताया कि मौजूदा सरकार विज्ञापनों के जरिए अपना चेहरा चमका कर आम लोगों को प्रदूषण में मरने के लिए छोड़ दिया है। जिसके चलते बुजुर्गो और मासूम बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। आज न सिर्फ शहर



की हवा प्रदूषित है बल्कि लोगों को गंदा, बदबूदार और प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि टूटी सड़को और गड्ढों से उड़ती धूल मिट्टी इस माहौल को और गम्भीर बना रही है, लेकिन केजरीवाल सरकार को दिल्ली की फिक्र नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली के लोग कई समस्याओं से जूझ रहे है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में शासित सरकार को प्रदूषण की समस्या का उचित समाधान निकलना चाहिए, जिससे की जनता को सांस लेने में दिक्कत न हो।

## राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गुरुवार को भाजपा और आम आदमी पार्टी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र और राज्य सरकार जिम्मेदार है। दिल्ली की जनता प्रदूषण से परेशान है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं। केंद्र सरकार को भी दिल्ली की जनता की चिंता नहीं है लेकिन कांग्रेस दिल्ली की जनता के साथ खड़ी है। उनके हक की लड़ाई जारी रखेगी। लवली ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार को भले ही दिल्ली के मौजूदा दमघोंटू माहौल की चिंता हो या ना हो, लेकिन कांग्रेस का हर कार्यकर्ता दिल्ली के हालात को लेकर काफी चिंतित है। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने आज मौन मार्च भी निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह मौन यात्रा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली के नेतृत्व में निकाली गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, आदेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## महुआ मोइत्रा के मामले में एथिक्स कमिटी दो फाड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कैश फॉर क्वेरी केस में सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एथिक्स कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट को समिति ने अडॉप्ट कर लिया है। गुरुवार को समिति की बैठक में प्रस्ताव के पक्ष में 6 वोट पड़े वहीं विपक्ष में 4 वोट पड़े। बता दें कि कमेटी ने महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने का प्रस्ताव रखा है। कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने रिपोर्ट को अडॉप्ट करने के पक्ष में वोट किया है। हालांकि परनीत पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं जो अब बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। प्रस्ताव पास होने के बाद इसका विरोध भी हुआ। कांग्रेस सांसद वी वैथिलिंगम ने कहा, 'ये प्रस्ताव कमेटी द्वारा बिना किसी चर्चा के पास हुआ है। सभी फैसले एकतरफा थे। ड्राफ्ट प्रस्ताव पर चर्चा होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आरोपों पर विनोद सोनकर ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है। आज सिर्फ प्रस्ताव पर सहमति या विरोध जताना था। चार सदस्यों ने विरोध जताया। लेकिन छह के बहुमत के साथ इस ड्राफ्ट को पास कर दिया गया। इस रिपोर्ट को अब आगे लोकसभा स्पीकर के पास भेजा गया है।

## राज्यपाल के हाथों 'गतिमान पत्रिका' का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/जौनपुर**
विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में "गतिमान वार्षिक पत्रिका" का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर कुलपति, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि, प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, संपादक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें। जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु हुआ एमओयू: पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया।
बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार: वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 5 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग, फल, जमेटरी बाक्स, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कुकड़ीपुर. देवकली, सुल्तानपुर एवं जासोपुर गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले चार बच्चों को भी दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों पुरस्कार मिला।
रामनरेश को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक: विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2023 में एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर रामनरेश को यह पदक मिला।

# बिहार: 75 फीसदी आरक्षण वाला बिल पास

## बिहार में अब पिछड़ा वर्ग को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण मिलेगा

सर्वसम्मति

बिहार में अब पिछड़ा वर्ग को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण मिलेगा



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव चलते हुए 75 फीसदी आरक्षण को मंजूरी दे दी और यह विधानसभा में सर्वसम्मति से पास भी हो गया। यानी बिहार में अब पिछड़ा वर्ग को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण मिलेगा। वहीं 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को मिलेगा। यानी कहें तो बिहार में कुल आरक्षण 75 फीसदी हो गया है।
**नीतीश कुमार ने मंगलवार को ही रखा था प्रस्ताव:** बता दें कि मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया था। उनका कहना था कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट से राज्य की गरीबी जाहिर होती है।
**सवर्ण गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा:** मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि सवर्ण गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं है। पिछड़े वर्ग की महिलाओं को मिलने वाला तीन प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों के लिए पहले से जारी आरक्षण में समायोजित कर दिया जाएगा। क्योंकि, राज्य सरकार पहले से ही महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दे रही है।

### मैं दलित हूं इसलिए जलील किया: मांझी

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** विधानसभा में गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के मुखिया जीतन राम मांझी के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सीएम नीतीश कुमार ने मांझी को कह दिया कि उनकी मूर्खता की वजह से ही वो सीएम बने थे। नीतीश कुमार ने मांझी के साथ तू-तड़ाक की भाषा में भी बात की। वहीं, अब मांझी ने नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जीतन राम मांझी ने एक्स पर लिखा, "नीतीश कुमार अगर आपको लगता है कि आपने मुझे मुख्यमंत्री बनाया यह आपकी भूल है। जब जदयू विधायकों ने लतियाना शुरू किया तो उसके डर से आप कुर्सी छोडकर भाग गए थे।

### 'मर्यादा को लांघ रहे सीएम नीतीश'



जीतन राम मांझी ने सदन से बाहर आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने कहा, "मयार्दा को लांघ रहे सीएम नीतीश.. हम उनसे हर मामले में सीनियर। सदन में तू-तड़ाक से मुझसे बात की गई। नीतीश ने अपनी लाज बचाने के लिए सीधे-साधे आदमी को इस्तेमाल किया।" मांझी ने यह भी कहा, "मैं भुइयां-मुसहर हूं इसलिए सदन में जलील किया।"
**'महागठबंधन सरकार दलितों का करती है अपमान':** बिहार विधानसभा में विपक्ष क नेता विजय कुमार सिन्हा ने भी नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "महागठबंधन सरकार दलितों का करती है अपमान, भाजपा दलितों का अपमान नहीं सहेगी।" उन्होंने आगे लिखा, "आज नीतीश कुमार जी जिस तरह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी जी का अपमान किया यह घोर निंदनीय है। नीतीश कुमार जी सदन में माफी मांगें और अविलंब मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें।"

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन पहुंचे भारत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमेरिका** के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पालम हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
**भारत पहुंचे अमेरिकी रक्षा मंत्री:** अमेरिकी रक्षा मंत्री 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होने के लिए भारत दौरे पर आए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।
**भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में होंगे शामिल:** बता दें कि अमेरिकी रक्षा मंत्री 9-10 नवंबर को होने वाली 5वीं भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मंत्री अपनी भारत यात्रा के बाद दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया की भी यात्रा करेंगे। यह इंडो-पैसिफिक की उनकी 9वीं यात्रा होगी। अमेरिकी रक्षा सचिव ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, यह इंडो-पैसिफिक की मेरी 9वीं यात्रा तब हो रही है। अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ इंडो-पैसिफिक के साझा दृष्टिकोण की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है।
**अमेरिकी विदेश मंत्री कल आएंगे भारत:** इसके अलावा, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी 10 नवंबर को भारत पहुचेंगे। वह 5वीं भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेंगे। बता दें कि इस वार्ता से अमेरिका और भारत के बीच शीर्ष-स्तरीय चर्चा के लिए एक मंच बनेगा।

2+2 वार्ता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने उनका जोरदार स्वागत किया

## सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट

**नई दिल्ली:** दिवाली और धनतेरस वाले सप्ताह में गुरुवार को लगातार चौथे दिन सोने की कीमत में गिरावट का रुख नजर आया। देश के अलग-अलग सराफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में आज 10 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, चांदी की कीमत में कोई अंतर नहीं आया है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में चांदी का भाव बुधवार के जैसा ही है। राजधानी दिल्ली में भी आज चांदी का रेट बिना किसी उतार-चढ़ाव के 73,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बना हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 61,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 56,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## कांग्रेस के राज में हुआ अंधाधुंध धर्म परिवर्तन: शाह

### छत्तीसगढ़ में जो पाँच साल कांग्रेस का राज चला, वह राज भ्रष्टाचार का राज रहा: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**केंद्रीय गृह मंत्री अ**मित शाह ने भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प महारैली में जशपुर के बगीचा, कुनकुरी, जांजगीर चांपा के डभरा की सभाओं में छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार जीत के दावे के साथ हुँकार भरते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान हो चुका है और यह स्पष्ट है कि पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। यह निश्चित हो गया है कि छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में अंधाधुंध धर्म परिवर्तन करने का काम हो रहा है।



भाजपा का वादा है कि यह जूदेव जी की कर्मभूमि है, यहाँ पर किसी भी आदिवासी भाई-बहन का जबरन धर्मांतरण नहीं होने देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने जशपुर विधानसभा क्षेत्र के बगीचा में आहूत सभा में अपने संबोधन की शुरूआत में भाजपा के दिग्गज नेता स्व. दिलीप सिंह जूदेव का पुण्य स्मरण किया और कहा कि इस पूरे क्षेत्र में राजा जूदेव जी ने न केवल विकास के काम किए, बल्कि हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों को सम्मान और सुरक्षा दिलाने का काम किया था। श्री शाह ने शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गुण्डाधुर और संत गुरु घासीदास जी को भी नमन किया। श्री शाह ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है।

शाह का वादा

भाजपा का वादा है कि यहाँ पर किसी भी आदिवासी भाई-बहन का जबरन धर्मांतरण नहीं होने देंगे: शाह



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या में हनुमानगढ़ी व श्रीरामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हुए।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने चीफ जस्टिस के तौर पर पूरे किए एक साल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को इस पद पर एक साल का कार्यकाल पूरा किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर फैसले सुनाए और ऐसे सुधारों की शुरूआत की जो आने वाले समय में न्याय प्रदान करने की प्रणाली की दक्षता को बढ़ाएंगे।
न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का कार्यकाल अगले वर्ष नवंबर में पूर्ण होगा। उन्हें अपनी किशोरावस्था में लुटियंस दिल्ली में अपने पिता न्यायमूर्ति वाई वी चंद्रचूड़ के आधिकारिक बंगले के बाहरी हिस्से में कर्मचारियों के साथ क्रिकेट खेलना पसंद था। चीफ जस्टिस के रूप में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विवाह करने के इच्छुक समलैंगिक जोड़ों के लिए समान अधिकारों की वकालत की।
पिछले साल नौ नवंबर को भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में पदभार संभालने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के तहत, शीर्ष अदालत ने पारदर्शिता बढ़ाने और एलजीबीटीक्यूआईए + समुदाय को शीर्ष अदालत के भीतर शामिल करने की दिशा में कई कदम उठाए। तकनीकी, प्रशासनिक और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पहल शुरू करने के अलावा, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने पिता एवं पूर्व प्रधान न्यायाधीश वाई. वी. चंद्रचूड़ की तरह पिछले एक साल में महत्वपूर्ण फैसले दिए। उनके पिता 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधान न्यायाधीश थे।

उपलब्धियां

चीफ जस्टिस ने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जो आने वाले समय में प्रणाली की दक्षता को बढ़ाएंगे

## 'हर गांव के साथ-साथ शहरों के प्रत्येक वार्ड में जाएगी भारत संकल्प यात्रा'

### नवम्बर के तीसरे सप्ताह में शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा: संजीव कौशल, यात्रा का उद्देश्य लोगों को योजनाओं के साथ जोड़ना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और जागरूक करने के लिए नवम्बर माह के तीसरे सप्ताह में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। इस यात्रा से राज्य के हर गांव के साथ-साथ शहरों के प्रत्येक वार्ड को जोड़ा जाएगा। मुख्य सचिव विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास एवं पंचायत श्री अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, विशेष सचिव सामान्य प्रशासन डा. आदित्य दहिया, निदेशक शहरी स्थानीय निकाय यशपाल सहित सभी जिलो के अतिरिक्त उपायुक्त, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य ध्येय विकसित भारत का निर्माण करना है जिसमें हर नागरिक को सरकार की योजनाओं के साथ जोड़ना और उन्हें लाभ पहुंचाकर सशक्त बनाना है। यात्रा को गांव व वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों, कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से सेवाएं सुलभ करवाकर, स्वयं सहायता समूहों, नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर, रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशनों की जनभागीदारी से सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि से मनभावक एवं मनोरंजन से भरपूर बनाया जाए ताकि लोगों में उत्साह एवं जोश बना रहे।



संकल्प यात्रा

इस यात्रा से राज्य के हर गांव के साथ-साथ शहरों के प्रत्येक वार्ड को जोड़ा जाएगा: मुख्य सचिव

## दिवाली से पहले 213 आवेदकों को ग्रेनो में आशियाने का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण ने दिवाली से पहले 213 और आवेदकों को खुद के आशियाने का तोहफा दे दिया है। बृहस्पतिवार को बिल्टअप फ्लैटों का ड्रा भी संपन्न हो गया। ड्रा के दूसरे दिन 213 आवेदकों को अपना घर मिल गया है। इन 213 सफल आवेदकों में तीन दिव्यांग भी हैं। प्राधिकरण को इन फ्लैटों से बतौर भुगतान राशि करीब 53 करोड रुपए की आमदनी होगी। अगर 77 सिंगल स्टोरी भवनों से प्राप्त होने वाली राशि को भी जोड़ लें, तो प्राधिकरण को लगभग 103 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। वहीं, दोनों दिनों के ड्रा को मिलाकर कुल 290 आवेदकों को ग्रेटर नोएडा में घर का सपना भी पूरा हो गया है। ड्रॉ के दूसरे दिन भी आवेदकों के नामों की पर्ची स्कूली बच्चों से निकलवाई गई। ड्रा की पूरी प्रक्रिया का फेसबुक व यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया गया। बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे से फ्लैटों के लिए ड्रा कराया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 120 वर्ग मीटर आकार के 77 सिंगल स्टोरी भवनों, बहुमंजिला स्टोरी के 1306 फ्लैटों और 189 बिल्टअप फ्लैटों की स्कीम 10 जुलाई को लांच की गई थी। 17 जुलाई से 31 अगस्त तक आवेदन मांगे गए थे। 2248 आवेदन आए हैं। दो चरणों में इनका ड्रा कराया गया। ड्रा के पहले दिन सेक्टर ज्यू टू व थ्री के 77 सिंगल स्टोरी भवनों का सफल ड्रा कराने के बाद दूसरे दिन (बृहस्पतिवार को) बहुमंजिला स्टोरी के और बिल्टअप फ्लैटों का ड्रा हुआ। सुबह करीब 11 बजे से ड्रा शुरू हुआ। दोपहर करीब एक बजे तक खत्म हो गया।



मिशन 2024

### सीएम योगी और उनकी कैबिनेट ने अयोध्या के कोतवाल हनुमान गढ़ी में सबसे पहले की पूजा अर्चना

## 73 साल में तीसरी बार लखनऊ के बाहर यूपी कैबिनेट की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**तारीख** 9 नवंबर साल 2023। आज का दिन गुरुवार उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिए ऐतिहासिक है। राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार 4 साल बाद एक बार फिर राजधानी लखनऊ से बाहर निकलकर किसी अन्य जिले में कैबिनेट मीटिंग की। जगह भी खास है, रामनगरी अयोध्या। सीएम योगी और उनकी कैबिनेट ने अयोध्या के कोतवाल हनुमान गढ़ी में सबसे पहले पूजा अर्चना की, फिर पूरी सरकार रामलला के दरबार पहुंची। जहां सीएम ने रामलला की आरती उतारी। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सीएम योगी को अंगवस्त्र पहनाया तो सभी मंत्रियों को प्रसाद दिया।
**22 जनवरी को पीएम करेंगे राम मंदिर का उद्घाटन:** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या की नगरी में कैबिनेट मीटिंग के कई मायने हैं। दिल्ली की कुर्सी का रास्ता यूपी से होकर निकलता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी ने भाजपा की झोली खूब भरी। अब राम मंदिर बन रहा है, 22 जनवरी को पीएम मोदी खुद इसका उद्घाटन करने वाले हैं। ऐसे में योगी सरकार अयोध्या और राम दोनों को देश की भावना बनाना चाहती है।
**मंत्री सुरेश खन्ना बोले- 1000 साल बाद लौटा अयोध्या गौरव:** कैबिनेट मीटिंग अयोध्या में श्रीराम कथा पार्क में हुई। इससे पहले मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज करीब 1000 साल बाद पीएम और सीएम ने अयोध्या का गौरव लौटाया है। यह शहर दुनिया का सबसे बड़ा पर्यटक स्थल बनने जा रहा है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फैसले लिए जाएंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्ताव कैबिनेट के सामने हैं। बात 2019 की है। प्रयागराज में कुंभ का मेला चल रहा था। 450 साल बाद अक्षयवट और सरस्वती कूप को खोला गया था।



अयोध्या का गौरव

अब राम मंदिर बन रहा है, 22 जनवरी को पीएम मोदी खुद इसका उद्घाटन करने वाले हैं।